हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)


पेज : 08



शार्ट ड्रेस पहन जान्हवी कपूर ने बिखेरा हुस्न का जलवा एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स ने...


www.naisochlive.com | पटना, शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 303, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## क्रिसमस के संदेश में ट्रंप ने साधा कईयों पर निशाना, ट्रूडो को कहा पागल वामपंथी



**एजेंसी, वॉशिंगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को बीते कुछ दिनों से कई बार निशाने पर ले चुके हैं। जहां एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस मौके पर एक छोटा सा संदेश जारी किया, वहीं उनके उत्तराधिकारी डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दिन भर में तीन दर्जन से अधिक पोस्ट किए। अपने क्रिसमस संदेश में उन्होंने जस्टिन ट्रूडो को एक बार फिर 'पागल वामपंथी'कह दिया। उन्होंने कहा, कट्टरपंथी वामपंथी पागलों को क्रिसमस की शुभकामनाएं, जो लगातार हमारी जस्टिस सिस्टम और हमारे चुनावों में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने कई बार कनाडा पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी है और कहा है कि वह जनवरी में शपथ लेते ही इन देशों पर शिकंजा कसेंगे। क्रिसमस के मौके पर भी ट्रंप का यही अंदाज दिखा। ट्रंप ने इस मौके पर अपने सोशल मीडिया पर एक के एक कई पोस्ट किए। इन पोस्ट्स के जरिए उन्होंने जस्टिन ट्रूडो सहित कईयों को निशाने पर लिया। ट्रंप ने एक बार फिर ट्रूडो को 'गवर्नर भी कहा।

## सीरिया में तख्तापलट के बाद छाया गंभीर आर्थिक संकट, पड़ी महंगाई की मार



**एजेंसी, दमिश्क।** सीरिया में तख्तापलट और विद्रोहियों के कब्जे के बाद आज वह गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। हाल ही में राष्ट्रपति असद के देश छोड़ने और तख्तापलट के बाद यह संकट और गहरा गया है। गृहयुद्ध, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और वैश्विक अलगाव ने देश को महंगाई के ऐसे जाल में फंसा दिया है कि आम नागरिकों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किलों से घिर गई है। मीडिया रिपोर्ट में एक इंस्टाग्राम वीडियो में सीरिया के हालात बयां किए गए हैं। यहां के हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोग अब पर्स रखना छोड़ दिया हैं, क्योंकि सामान खरीदने के लिए नोटों के बंडल देने पड़ते हैं। यहां के रेस्टोरेंट में मेन्यू में कीमतें नहीं लिखी होतीं, क्योंकि कोई भी कीमत स्थिर नहीं है। विदेशी ब्रांड्स ने भी सीरिया से अपने उत्पाद हटा लिए हैं, और स्थानीय उत्पादों पर नागरिक निर्भर हो गए हैं।
सीरिया के आर्थिक संकट की जड़ उसकी मुद्रा, सीरियन पाउंड में भारी गिरावट आई है। एक समय था जब एक अमेरिकी डॉलर 50 सीरियन पाउंड के बराबर था।

## माकन की टिप्पणी पर भड़की आआपा, कहा- कांग्रेस को इंडी गठबंधन से बाहर किया जाए



**एजेंसी, नई दिल्ली ।** दिल्ली में इंडी गठबंधन न सिर्फ बिखर गया है बल्कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आआपा) के बीच तलवारें खिंच गई हैं। कांग्रेस नेता अजय माकन ने कल अरविंद केजरीवाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए गंभीर आरोप लगाए थे। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आआपा सांसद संजय सिंह ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पर पलटवार किया। आआपा ने कहा कि कांग्रेस को आईएनडीआईए (इंडी गठबंधन) से बाहर कर दिया जाना चाहिए। आआपा नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया कि दिल्ली में कांग्रेस भाजपा के पक्ष में खड़ी है। अजय माकन भाजपा की स्क्रिप्ट पढ़ते हैं और आआपा के नेताओं को कोसते हैं। उन्होंने कल आआपा के संयोजक केजरीवाल को "एंटी नेशनल" कहा। क्या आज तक अजय माकन ने भाजपा के किसी नेता को ऐसा कहा? ये कैसा बयान है? जिस केजरीवाल ने कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए दिल्ली और चंडीगढ़ में प्रचार किया, संसद में हम कांग्रेस के साथ खड़े रहे, उसी पार्टी (यूथ कांग्रेस) के नेता केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर करा रहे हैं।

## नया साल मनाने अयोध्या, वाराणसी और मथुरा-वृंदावन श्रद्धालु, होटल में बुकिंग फुल

**एजेंसी, अयोध्या**

नए साल का जश्न अब सिर्फ गोवा या पहाड़ी राज्यों तक सीमित नहीं रहा है। इस बार अयोध्या और वाराणसी जैसे धार्मिक स्थलों पर नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। लाखों श्रद्धालु भगवान रामलला के दर्शन कर अपने साल की शुरुआत करना चाहते हैं। इसके लिए अयोध्या के फोर-स्टार होटल द रामायण के सभी 55 लग्जरी कमरे पहले ही बुक हो चुके हैं। इस होटल का किराया 16 हजार रुपये प्रतिदिन है। यहां 30 दिसंबर से 2 जनवरी तक कोई कमरा उपलब्ध नहीं है। वहीं, अन्य होटल और धर्मशालाओं की भी करीब 88 प्रतिशत बुकिंग हो चुकी है। वहीं एक अन्य होटल के मालिक ने बताया कि उनके 175 कमरे पूरी तरह बुक हैं। अतिरिक्त भीड़ के लिए डोरमेट्री की व्यवस्था की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को ठंड में कोई असुविधा न हो। अयोध्या के साथ ही धर्मनगरी वाराणसी के होटल भी पूरी तरह बुक हैं। होटल मैनेजमेंट ने बताया कि पहली बार नए साल पर इतनी भारी संख्या में बुकिंग्स हो रही हैं। टूर गाइड वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने इस पर्यटन उद्योग के लिए बड़ा मौका बताया। अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी, आशुतोष तिवारी ने बताया कि अभी रोजाना 60 से 70 हजार श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। नए



साल के दौरान यह संख्या 2 से 3 लाख तक पहुंचने की संभावना है। यह देखकर ट्रैफिक डायवर्जन और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। अयोध्या और वाराणसी के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का मथुरा-वृंदावन में पहुंचना शुरू हो गया है। वृंदावन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य बांके बिहारी के दर्शनों के लिए उमड़े। वहीं, आने वाले दिनों के साथ ही नववर्ष पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के यहां पहुंचने की संभावना को देखकर जिला प्रशासन व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुट गया है। हालांकि, बुधवार से 2 जनवरी तक यातायात व्यवस्था को देखते हुए वृंदावन में बाहरी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। बता दें कि हर साल दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह और नए साल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन पहुंचते हैं। इसके साथ ही गोकुल, गोवर्धन, बरसाना और नन्दगांव जाकर भी मंदिरों में दर्शन करते हैं, लेकिन देश के कोने कोने से आने वाले श्रद्धालु की पहली प्राथमिकता वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में अपने आराध्य के दर्शनों की ही रहती है। गोवा और पहाड़ी स्थलों की बजाय धार्मिक स्थलों पर नए साल का स्वागत करने का यह ट्रेंड न केवल आध्यात्मिकता को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि स्थानीय पर्यटन और अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयां दे रहा है।

# युवाओं के कारण विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की सफलता सुनिश्चित है

### प्रधानमंत्री ने देश में गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि के एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने का संकल्प दोहराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय युवाओं के साहस और सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि आज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं के कारण विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की सफलता सुनिश्चित है। प्रधानमंत्री गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारंभ भी किया। इसका उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं के कार्यान्वयन को मजबूत करके और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करके पोषण संबंधी परिणामों और कल्याण में सुधार करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) के विजेता बच्चों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं को भविष्योन्मुखी बनाने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि युवा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें। प्रधानमंत्री ने देश की आजादी के समय युवाओं की भूमिका से लेकर मौजूदा समय में विदेशी कंपनियों के शीर्ष पर भारतीयों के काबिज होने का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, "आज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। इस दशक में हमें अगले 25 वर्षों के तेज विकास की नींव रखनी है, इसलिए भारत के युवाओं को अधिक से अधिक इस समय का लाभ उठाना होगा। हर सेक्टर में स्वयं भी आगे बढ़ना है और देश को भी आगे बढ़ाना है।" प्रधानमंत्री ने लाल किले से दिये अपने भाषण का जिक्र करते हुए देश में गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि के एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने अगले 25 सालों के लिए इस शुरुआत को बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने युवाओं से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील करते हुए कहा कि देश की राजनीति में एक नवीन पीढ़ी के उदय के लिए यह आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का भी आयोजन होगा। देशभर के लाखों युवा इसका हिस्सा बनेंगे। इसमें विकसित भारत के विजन पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस पर हम साहिबजादों की वीरता और बलिदान को याद करते हैं। हम माता गुजरी और श्री गुरु गोबिंद सिंह को भी श्रद्धांजलि देते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम तीसरे 'वीर बाल दिवस' का हिस्सा बन रहे हैं। तीन साल पहले हमारी सरकार ने वीर साहिबजादों के बलिदान की अमर स्मृति में वीर बाल दिवस मानने शुरुआत की थी। अब ये दिन करोड़ों देशवासियों के लिए, पूरे देश के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बना है। इस दिन ने भारत के कितने ही बच्चों और युवाओं को अदम्य साहस से भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस का यह दिन हमें सिखाता है कि चाहे कितनी भी विकट स्थितियां आएं, कितना भी विपरीत समय क्यों ना हो देश और देश हित से बड़ा कुछ नहीं होता।

## एक देश-एक चुनाव पहली बैठक आठ जनवरी को



**एजेंसी, नई दिल्ली**

एक देश-एक चुनाव पर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की पहली बैठक आठ जनवरी को होगी। जेपीसी के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी ने यह बैठक बुलाई है। बैठक में लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रस्ताव पर चर्चा होगी। संसदीय सूत्रों ने सोमवार को बताया कि इस बैठक में अधिकारी दो महत्वपूर्ण विधेयकों- संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र (कानून) संशोधन विधेयक के बारे में जानकारी देंगे। इन विधेयकों का मकसद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने के लिए जरूरी बदलाव करना है। बता दें कि बीते सप्ताह इन विधेयकों को लोकसभा में पेश किया गया था। इसके बाद शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन इन्हें संसदीय समिति के पास भेजा गया था। इसके लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित की गई थी। पहले समिति में सदस्यों की संख्या 31 थी लेकिन कई राजनीतिक दलों ने इसमें शामिल होने की इच्छा जताई तो इसकी संख्या बढ़ाकर 39 कर दी गई। भाजपा सांसद पी.पी. चौधरी इस समिति के अध्यक्ष हैं जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पुरुषोत्तम रूपाला, मनीष तिवारी और कई पहले कार्यकाल के सांसद- प्रियंका गांधी, बांसुरी स्वराज और संबित पात्रा भी समिति के सदस्य हैं। समिति में लोकसभा के 27 सदस्य और राज्यसभा के 12 सदस्य यानी कुल 39 सदस्य हैं।

## कश्मीर में भीषण शीतलहर, रात के तापमान में गिरावट से पानी की आपूर्ति लाइनें जमीं

**एजेंसी, श्रीनगर ।** कश्मीर में भीषण शीतलहर की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे चला गया है। शुक्रवार और शनिवार को ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी की संभावना है, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ इस क्षेत्र को प्रभावित करने वाला है। कश्मीर में अधिकांश स्थानों पर रात के तापमान में गिरावट आई है। पारे में गिरावट के कारण पानी की आपूर्ति लाइनें जम गई हैं । डल झील सहित कई जल निकायों की सतह पर बर्फ की एक पतली परत जम गई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि श्रीनगर में बुधवार रात को न्यूनतम तापमान शून्य से 7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन, देश में शोक की लहर



देश के दो बार प्रधानमंत्री रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार देर रात निधन हो गया। 92 वर्षीय डॉ. सिंह को सांस लेने में तकलीफ होने के कारण दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था, जहां देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। हालांकि अभी तक उनके निधन की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कांग्रेस नेता रॉबर्ट वाड्रा ने सोशल मीडिया के जरिए यह दुखद समाचार साझा किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

**आर्थिक सुधारों के शिल्पकार-** डॉ. मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले 1990 के दशक में, जब वे पीवी नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री थे, उन्होंने भारत में आर्थिक सुधारों की नींव रखी। उनके इन्हीं सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति में खड़ा किया। उनकी नीतियों को आज भी आर्थिक प्रगति का आधार माना जाता है।

**एम्स में भर्ती, डॉक्टरों की टीम कर रही थी इलाज-** सूत्रों के अनुसार, डॉ. सिंह को गुरुवार शाम सांस लेने में दिक्कत होने पर रात 8 बजे एम्स लाया गया। एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टर नीतीश नाइक की निगरानी में वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही थी। लेकिन उनकी हालत बिगड़ती चली गई और रात को उनका निधन हो गया।

**कांग्रेस नेताओं का दिल्ली एम्स पहुंचना-** डॉ. मनमोहन सिंह के स्वास्थ्य की खबर मिलते ही कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता दिल्ली एम्स पहुंचे। प्रियंका गांधी वाड्रा देर रात एम्स में मौजूद रहीं। राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक के बेलगावी में चल रही कांग्रेस कार्यसमिति (CWC) की बैठक रद्द कर दी और दिल्ली के लिए रवाना हो गए। सोनिया गांधी भी डॉ. सिंह के परिवार से मिलने के लिए एम्स पहुंचीं।

**राष्ट्रीय शोक-** डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर से देशभर में शोक की लहर दौड़ गई है।

## राज्य में 28-29 को बारिश की संभावना, एक जनवरी को रहेगा कोहरा

**एजेंसी । रांची**

झारखंड में 28-29 दिसंबर को बारिश की संभावना है। राज्य में 28 को पश्चिमी, मध्य तथा निकटवर्ती उत्तरी भागों में बारिश होने की संभावना है जबकि 29 दिसंबर को राज्य के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में बारिश होने की संभावना है। एक जनवरी, 2025 को राज्य में कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा। राजधानी रांची सहित राज्य में गुरुवार को सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाए रहे। हवा भी चली। इससे ठंड में कोई कमी नहीं देखी गयी। ठंड का कहर जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेंटीग्रेड गुमला में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 28.4 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं कहीं पर कोहरा भी दर्ज किया गया। साथ ही राज्य में कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हुई।



# लोकल ट्रेनें भी डेढ़ घंटे देरी से चल रहीं, परेशानी बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ठंड और कोहरे के बीच यात्रियों की परेशानी बढ़ रही है। गुरुवार को दिल्ली आने वाली लंबी दूरी की ट्रेनें कई घंटे देरी से चल रही है। वहीं लोकल ट्रेनें भी करीब डेढ़ घंटे देरी से चल रही हैं जिससे अप डाउन करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से ट्रेनों की गति धीमी करनी पड़ती है। नई दिल्ली से राजेंद्र नगर के बीच चलने वाली विशेष ट्रेन 7.40 घंटे के देरी से दोपहर 1.20 की जगह रात नौ बजे चलेगी। देरी से चलने वाली प्रमुख ट्रेनें में लखनऊ-नई दिल्ली लखनऊ मेल सवा दो घंटे, दरभंगा-नई दिल्ली हमसफर विशेष (02569) साढ़े पांच घंटे, बरौनी-नई दिल्ली हमसफर विशेष (02563) वहीं



साढ़े चार घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, दुर्ग-एमसीटीएम ऊधमपुर एक्सप्रेस ढाई घंटे, राजेंद्र नगर-नई दिल्ली विशेष (02393) सवा तीन घंटे, गाजीपुर सिटी-आनंद विहार टर्मिनल सुहेलदेव एक्सप्रेस ढाई घंटे, मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल सुपरफास्ट विशेष (05219)-साढ़े पांच घंटे, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-पुरनी दिल्ली पदमावत एक्सप्रेस सवा चार घंटे, लालगढ़-डिब्रुगढ़ अवध असम एक्सप्रेस सवा चार घंटे, दिल्ली से देरी से रवाना होने वाली मुख्य ट्रेनें, नई दिल्ली-राजेंद्र नगर विशेष (02394) 7.40 घंटे, नई दिल्ली-भुवनेश्वर दुरंतो दो घंटे, आनंद विहार टर्मिनल-गया क्लोन एक्सप्रेस (02398) एक घंटा, आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा गरीब रथ विशेष (05578) सवा छह घंटे, आनंद विहार टर्मिनल- मुजफ्फरपुर सुपरफास्ट विशेष (05220)- चार घंटे, पुरानी दिल्ली-कोटद्वार सिद्धबली एक्सप्रेस चार घंटे देरी से चल रही हैं। वहीं बुधवार को दिल्ली आने वाली लंबी दूरी की कई ट्रेनें घंटों देरी से चली। सबसे अधिक देरी से ऊंचाहार एक्सप्रेस, मुजफ्फरपुर विशेष है। कई अन्य ट्रेनें भी चार घंटे से अधिक देरी से दिल्ली पहुंची। इस कारण कई ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ा है। मुजफ्फरपुर विशेष सहरसा गरीब रथ सहित चार ट्रेनें देरी से रवाना हुई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में एयर इंडेक्स बेहद खराब श्रेणी में 337 रहा। दिल्ली का एयर इंडेक्स 244 रहा। एक दिन पहले एयर इंडेक्स 369 था। दिल्ली में गुरुवार को एयर इंडेक्स बेहद खराब श्रेणी में व शुक्रवार को खराब श्रेणी में रह सकता है।

संक्षिप्त समाचार

## जदयू कार्यकर्ताओं के चेहरे पर चमक और आंखों में आत्मविश्वास पार्टी के लिए अच्छे संकेत : उमेश

**पटना।** गुरुवार को बाढ़ अंतर्गत एएनएस कॉलेज मैदान में जदयू द्वारा जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष के नेतागण लोकसभा चुनाव से पहले हमारी पार्टी को लेकर अनाप-शनाप भविष्यवाणी कर रहे थे लेकिन लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के परिणाम ने फिर से ये साबित कर दिया कि बिहार में हमारे नेता और हमारी पार्टी का दूर-दूर तक कोई विकल्प नहीं है। श्री कुशवाहा ने कहा कि बीते 19 वर्षों के शासनकाल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास की इतनी लंबी लकीर खींची है जिसे चाहकर भी कोई मिटा नहीं सकता है। सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित मानवीय जरूरतों से जुड़ी बुनियादी संरचनाओं के क्षेत्र में क्रांति ही क्रांति आयी है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता ने हर-घर तक पीने का शुद्ध पानी और बिजली पहुंचायी है। हरेक गांव में नली-गली और हरेक घर में शौचालय का निर्माण कराया है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रपिता बापू, कर्पूरी ठाकुर,डॉ राममनोहर लोहिया, डॉ अंबेडकर और लोकनायक जेपी के सिद्धांतों को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। हमारे नेता महापुरुषों के समाजवादी विचारों को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर चमक और आंखों में आत्मविश्वास का भाव जदयू परिवार के लिए शुभ संकेत है।श्री कुशवाहा ने कहा कि हम सभी ऐसे नेता के नेतृत्व में काम कर रहे हैं, जिनके दामन पर भ्रष्टाचार और परिवारवाद का एक भी दाग नहीं है। नीतीश कुमार प्रदेश की 14 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हैं और सबकी उन्नति एवं तरक्की के लिए दिन-रात काम करते हैं। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2025 में 225 सीटों पर जीत हासिल करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरी मुस्तैदी और ईमानदारी से जुट जाना है।

## बिहार के लिए वरदान हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार : शीला

**पटना।** गुरुवार को जनता दल यू प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम में परिवहन मंत्री शीला मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुई एवं उनके त्वरित समाधान हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उक्त मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री शीला मंडल ने कहा कि भविष्य में जब भी बिहार की बात होगी तो माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। नीतीश कुमार बिहार के लिए वरदान हैं, विगत 19 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने वंचितों और शोषितों का उत्थान किया है। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पहले से काफी सुदृढ़ हुई है, प्रदेशभर में सड़कों का जाल भी बिछ रहा है।

## राज्य में खेल संस्कृति के विकास तथा खेल प्रतिभाओं की पहचान करें: ओमप्रकाश

**पटना।** शिक्षा विभाग, खेल विभाग तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बिहार खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता, मशाल 2024 के अन्तर्गत पटना जिला के शारीरिक शिक्षा शिक्षकों, कम्प्यूटर शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरूवार से राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना में प्रारम्भ हुआ। प्रा्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी, पटना ओम प्रकाश,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पटना कुमकुम पाठक, राज्य ट्रेनर अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। ओम प्रकाश ने प्रशिक्षण में आए शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में खेल संस्कृति के विकास तथा खेल प्रतिभाओं की पहचान करने में आप सबों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद आप सभी अपने विद्यालयों में मशाल 2024 के उद्देश्यों के क्रियान्वयन में अपनी भूमिका निभाएंगे। सभी अतिथियों का स्वागत अर्चणा सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापिका, राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेन्द्र नगर ने किया। पटना जिला में छः दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन पटना जिला के सात प्रखण्डों बाढ़, अथमलगोला, बख्तियारपुर, बेलछी, मोकामा, घोसवरी और पंडारक के मध्य, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शारीरिक शिक्षा शिक्षकों, खेल प्रेमी शिक्षक एवं कम्प्यूटर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं शुक्रवार को पाँच प्रखण्ड फतुहाँ, दनियावाँ, खुशरूपुर, मसौढ़ी और धनरूआ के शारीरिक शिक्षा शिक्षकों एवं कम्प्यूटर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक शशि रंजन ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों ने मशाल 2024 कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के छात्र/छात्राओं का पोर्टल पर निबंधन कराने की प्रक्रिया, बैट्री टेस्ट आयोजित करने तथा उसके डाटा कलेक्शन करने तथा पोर्टल पर अपलोड करने संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके साथ-साथ विद्यालय, संकूल, प्रखण्ड, जिला और राज्य स्तर पर होने वाले इस कार्यक्रम के तहत एथलेटिक्स, साईक्लिंग, कबड्डी, फुटबॉल और वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं छात्र/छात्राओं का चयन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी।

## पटना तारामंडल में छात्र-छात्राओं के नियोजन के लिए चला अभियान

**पटना।** विज्ञान,प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग एवं आईआईटी पटना के संयुक्त तत्वावधान मे 26 एवं दिसंबर 2024को पटना तारामंडल में छात्र-छात्राओं हेतु नियोजन अभियान का आयोजन किया गया है। प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय कंपनी एफ्फट्रॉनिक्स सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड डिप्लोमा प्राप्त उपयुक्त छात्र-छात्राओं का चयन कर रही है। 26दिसंबर को वर्ष 2023 एवं 2024में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की चयन प्रक्रिया संचालित की गई,जिसमें उनसे पीपीटी प्रस्तुत करने को कहा गया, उनकी परीक्षा हुई। तकनीकी साक्षात्कार हुआ, कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा साक्षात्कार लिया गया,चिकित्सकीय जांच हुई। तत्पश्चात चयनित छात्र-छात्रा को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया गया।

# मुख्यमंत्री ने 'प्रगति यात्रा' के दौरान सीतामढ़ी जिले के डुमरा प्रखंड के मनियारी में विकास कार्यों का लिया जायजा

### जिले के लिए कई विकास कार्यों का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

नई सोच एक्सप्रेस

» रीगा चीनी मिल के पुनरुद्धार कार्य का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के प्रथम चरण के तीसरे दिन सीतामढ़ी जिले के रीगा चीनी मिल के पुनरुद्धार कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सीजन 2024-25 के लिए चीनी मिल संचालन का गन्ना का बंडल डालकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रीगा चीनी मिल के संचालन कार्यों की जानकारी ली और मिल परिसर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री को कार्यक्रम के दौरान प्रतीक चिह्न, अंगवस्त्र एवं फूलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने डुमरा प्रखंड के मनियारी गांव के विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से सीतामढ़ी जिले के लिए 236 करोड़ 60 लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके तहत 141 करोड़ 12 लाख 92 हजार रुपये की योजनाओं का उद्घाटन तथा 95 करोड़ 47 लाख 78 हजार रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत निर्मित सतुआही पोखर, मनियारी (डुमरा में) नौका विहार तथा पोखर किनारे योग सह ध्यान केंद्र, खुला व्यायामशाला एवं बाल क्रीड़ा स्थल का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान का गुब्बारा उड़ाया। मुख्यमंत्री ने सतुआही पोखर में दो हंसों के जोड़ा को भी छोड़ा। योग सह ध्यान केंद्र का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने तालाब के निरीक्षण के दौरान कहा कि इसके चारों तरफ सीढ़ी बनाएं और बगल में सुरक्षात्मक घेरा बनाएं ताकि कोई तालाब में न गिरे। तालाब ऐसा बनाएं कि यह देखने में आकर्षक लगे और साथ ही यहां लोगों के घूमने एवं बैठने के लिए भी समुचित व्यवस्था हो। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने जीविका दीदियों को 36 करोड़ 57 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इस दौरान जीविका दीदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि वर्ष 2006 में हमने जीविका की शुरुआत की। हमने इसे 'जीविका' नाम दिया और इससे जुड़नेवाली महिलाओं को 'जीविका दीदी' कहा। बाद में उस समय की केंद्र सरकार ने बिहार के जीविका के कार्यों की सराहना की और इसका अनुकरण करते हुए पूरे देश में 'आजीविका' नाम से इसे शुरू किया। जीविका दीदियों के हित के लिए हमने कई कार्य किए हैं। आपलोग इसे याद रखिएगा। आपलोग बहुत अच्छा काम कर रही हैं, इसे देखकर मुझे काफी प्रसन्नता हो रही है। हम चाहते हैं कि आपलोग हमेशा आगे बढ़ते रहिए। मुख्यमंत्री ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मनरेगा, कृषि विभाग, जिला यक्ष्मा केंद्र, उद्योग विभाग, कुशल युवा कार्यक्रम, समेकित बाल विकास परियोजना आदि विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत जन्म देनेवाली माताओं को 2000 रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। ई-रिक्शा के लाभुकों, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न लाभकारी योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत मनिहारी के नये पंचायत सरकार भवन का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और पंचायत सरकार भवन के विभिन्न केंद्रों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सीतामढ़ी पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने बेलसंड प्रखंड अंतर्गत मधकौल टूटान स्थान का हवाई निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री सह सीतामढ़ी जिला के प्रभारी मंत्री श्री अशोक चौधरी, सांसद श्री देवेश चंद्र ठाकुर, सांसद श्रीमती लवली आनंद, विधायक श्री पंकज मिश्रा, विधायक श्री चेतन आनंद, विधायक श्री अनिल राम, विधायक श्रीमती गायत्री देवी, विधायक श्री मोतीलाल प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, ए०डी०जी० श्री कुंदन कृष्णन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री बी० कार्तिकेय धनजी, सीतामढ़ी जिला के जिलाधिकारी श्री रिची पांडेय, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार तिवारी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 5 साल में 2 लाख नए पैक्स बनाने का लक्ष्य समय से पहले होगा पूरा : अमित शाह

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 10,000 नवनिर्मित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों अर्थात पैक्स डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ किया। देश के त्रि-स्तरीय सहकारिता ढांचे को सबसे ज़्यादा ताकत प्राथमिक सहकारी समिति ही दे सकती है, इसीलिए मोदी सरकार ने 2 लाख नए पैक्स बनाने का निर्णय किया था। नाबार्ड, एनडीडीबी और एनएफडीबी ने 10 हज़ार प्राथमिक सहकारी समितियों के पंजीकरण में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। 70 सालों से जिस सहकारिता को हाशिए पर रखा गया था उसे मोदी-शाह की जोड़ी अर्थतंत्र का एक मजबूत स्तंभ बनाने की दिशा में अथक प्रयास कर रही है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सहकारिता से समृद्धि' के लिए 75 वर्ष में पहली बार देश में अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन कर उसकी कमान भारतीय राजनीति के चाणक्य और दिग्गज नेता अमित शाह के हाथों में सौंपने का अभूतपूर्व निर्णय लिया, जिन्होंने भारतीय राजनीति को नए तरीके से परिभाषित करते हुए देश को विकास और तरक्की के राह पर आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को गति देने के लिए 'ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़' सहकारिता को नया आकार देने का संकल्प ठान लिया है। सहकारिता क्षेत्र के लिए मोदी-शाह की रणनीतियाँ जहाँ सहकारिता आंदोलन को नया मुकाम प्रदान कर रही है, वहीं सहकारी समितियों के लिए 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' की प्रक्रियाओं को भी सुव्यवस्थित किया जा रहा है। मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय सहकारी समितियों के हितों की देख-रेख और उनके उत्थान के लिए सदैव प्रयासरत है। कृषि प्रसंस्करण, डेयरी, मत्स्यपालन, बुनाई, ऋण और विपणन समेत विविध गतिविधियों में सक्रिय सहकारिता समितियों से देश की आधी आबादी जुड़ी हुई है। पैक्स को बहुआयामी बनाकर उन्हें भंडारण, खाद, गैस, उर्वरक और जल वितरण के साथ जोड़ा जा रहा है। अमूल, इफ्को, कृभको, नाफेड आदि भारत में सहकारिता आंदोलन की सफलता की मिसाल हैं। सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने वाले अमित शाह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सहकारिता यूनिवर्सिटी, राष्ट्रीय सहकारिता डाटा बेस और सहकारिता नीति तैयार करने की दिशा में भी तेजी से काम किया जा रहा है।

## बिजली विपत्रों के भुगतान के लिए सिंगल विंडो समाधान संग्रहण पोर्टल की शुरूआत

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार में औद्योगिक/सरकारी बिजली उपभोक्ताओं के लिए संग्रहण पोर्टल की शुरूआत की गई। यह पोर्टल खास तौर पर सरकारी विभागों, केंद्रीय/राज्य पीएसयू, निजी संगठनों और बड़े उपभोक्ताओं को उनके कई बिजली कनेक्शनों के बिल प्रबंधन और भुगतान प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। संग्रहण पोर्टल एक एकीकृत मंच प्रदान करता है, जहां उपभोक्ता अपने सभी कनेक्शनों का चयन कर भुगतान कर सकते हैं। पोर्टल में लॉग इन आईडी एवं पासवर्ड बनाना, बिजली कनेक्शनों की टैगिंग/अनटैगिंग और मास टैगिंग जैसी सुविधाएं दी गई हैं। उपभोक्ता टैग किए गए सभी कनेक्शनों और उनके बकाया राशि को एक ही जगह देख सकते हैं, और कई बिलों को समेकित कर एक ही बार में भुगतान कर सकते हैं। इसमें विभिन्न डिजिटल भुगतान एवं आरटीजीएस/एनईएफटी की सुविधा दी गई है, जिससे उपभोक्ता सुगमता से अपनी बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। संग्रहण पोर्टल उपभोक्ताओं के लिए समय और प्रयास की बचत करता है, समेकित बिल भुगतान की सुविधा प्रदान करता है और विभिन्न भुगतानों को स्वतः अपडेट करता है। डिस्कॉम के लिए यह पोर्टल मैनुअल रसीदों की आवश्यकता को समाप्त करता है, आसान सुलह प्रक्रिया सुनिश्चित करता है और सरकारी विभागों एवं बड़े उपभोक्ताओं से भुगतान संग्रह को स्वचालित करता है। फिलहाल यह पोर्टल केंद्रीय/राज्य पीएसयू, निजी संगठन और बड़े उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध है। बिहार सरकार के विभागों को इस पोर्टल का उपयोग वित्तीय वर्ष के अंत तक उपलब्ध कराया जाएगा। ऊर्जा सचिव एवं सीएमडी बीएसपीएचसीएल श्री पंकज कुमार पाल ने कहा कि संग्रहण पोर्टल हमारे उपभोक्ताओं और डिस्कॉम के बीच एक डिजिटल सेतु का काम करेगा। यह न केवल बड़े उपभोक्ताओं के लिए बिल भुगतान को सरल बनाएगा, बल्कि पारदर्शिता और दक्षता को भी बढ़ावा देगा।

# विपक्ष को दलित वोट भाजपा के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा है क्या?

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी बार-बार संविधान की भावना की हत्या की है। पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर गांधी परिवार की हर पीढ़ी ने सत्ता में रहते हुए संविधान से छेड़छाड़ की है। संविधान से छेड़छाड़ का दाग कांग्रेस के माथे से नहीं मिटेगा, यह पाप। लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया है नेहरू-गांधी परिवार। कांग्रेस के एक परिवार ने संविधान को चोट पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। 75 साल में 55 साल तक एक ही परिवार ने राज किया, इसलिए देश में क्या-क्या हुआ ये जानने का अधिकार सबको है। उक्त बातें लोकसभा में संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए कही। उन्होंने लोकसभा में 11 संकल्प बताये (1) चाहे नागरिक हो या सरकार हो, सभी अपने कर्तव्यों का पालन करें। (2) हर क्षेत्र, हर समाज को विकास का लाभ मिले। (3) भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस हो भ्रष्टाचारी की सामाजिक स्वीकार्यता न हो। (4) देश के कानून, देश के नियम, देश की परंपराओं के पालन में देश के नागरिकों को गर्व होना चाहिए। (5) गुलामी की मानसिकता से मुक्ति हो, देश की विरासत पर गर्व हो। (6) देश की राजनीति को परिवारवाद से मुक्ति मिले। (7) संविधान का सम्मान हो, राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान को हथियार न बनाया जाए। (8) जिनको संविधान से आरक्षण मिल रहा है, उसे न छीना जाए, धर्म के आधार पर आरक्षण की हर कोशिश पर रोक लगे। (9) महिलाओं के नेतृत्व में विकास यानि वूमेन लेड डेवलपमेंट को प्राथमिकता दी जाए। (10) राज्य के विकास से राष्ट्र का विकास बने-यह हमारा मंत्र हो। (11) एक भारत श्रेष्ठ भारत का मंत्र सर्वोपरि हो। शीतकालीन सत्र में 'एक देश-एक चुनाव' संबंधी विधेयक पेश किये जाने और कई विषयों पर भारी हंगामे के बाद संसद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई गयी है। कांग्रेस आंबेडकर की तस्वीरें लेकर संसद परिसर में विरोध कर रही थी। विपक्ष और कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान के एक हिस्से को प्रचारित कर रहे हैं, लेकिन उसके शेष हिस्से को सुनने के लिए आज भी तैयार नहीं है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर चल रही राजनीति शांत होने का नाम नहीं ले रही है। देश भर में कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष विरोध प्रदर्शन हो रहा है। जिस तरह की सियासत हो रही है, देश के इतिहास में कभी भी ऐसा नहीं हुआ था। इडी (कांग्रेस) गठबंधन द्वारा, बाबा साहेब के नाम पर केन्द्रीय गृह मंत्री से इस्तीफा मांगना तथा सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हाथापाई, समझ से पड़े हैं। बाबा साहेब संविधान रचना के समय ही इशारा किया था कि संविधान अपने आप में कुछ नहीं कर सकता है, उसकी पालन करने वालों की गुणवत्ता पर सब कुछ निर्भर करेगा। अच्छे प्रतिनिधि संविधान को ठीक से लागू करेंगे और बुरे प्रतिनिधि संविधान का दुरुपयोग करेंगे। बाबा साहेब जब अपनी सियासी जमीन तलाश रहे थे, उस समय देश में 18 प्रतिशत साक्षरता था और आज 40 प्रतिशत साक्षरता हैं। उस समय साक्षर नेता बाबा साहेब दो-दो बार चुनाव हारे थे या कहिए कि हरवा दिए गए थे। आज राजनीतिक दल को वोट देते समय बाबा साहेब को याद करना चाहिए और साक्षर नेता को उनकी कावलियत को देखते हुए मतदान करना चाहिए, मुझे लगता है कि ऐसा करने से बाबा साहेब के प्रति शायद यही सच्चा प्रेम होगा। भारत के संविधान-निर्माता बाबा साहेब डॉ बी आर आंबेडकर देश की राजनीति में अचानक केन्द्र विंदु में आ गए हैं। देश के गृह मंत्री का बाबा साहेब का अपमान का इरादा नहीं था, यह उन्होंने साफ कर चुके हैं, लेकिन विपक्ष ने यह मुद्दा जोरदार ढंग से बाहर उठाकर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को सफाई देने पर मजबूर कर रहे है। इस मुददे को संसद से बाहर उठाने के कारण देश के दलितों को अनावश्यक उल्लेख पर आपत्ति हो रही है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए था, होना तो यह चहिए था कि अब तक बाबा साहेब के प्रति शासन करने वाली सरकारें क्या विचार रखती थी। देखा जाए तो विपक्ष की कांग्रेस सरकार ने बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं दिया था, न ही उनका चित्र संसद में लगाया था। देश के दलितों की मांग थी कि मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी का नामकरण डॉ आंबेडकर के नाम पर किया जाए, लेकिन यह सब भी कांग्रेस ने नहीं किया। राज्यसभा में केन्द्रीय गृहमंत्री ने अपने लगभग एक घण्टा 40 मिनट दिए भाषण में जिस तरह से वे तथ्यों और तर्कों को रखा, उसने कांग्रेस नेतृत्व को मुश्किल होने लगा था। भाषण के समय कांग्रेस के कोई नेता तर्कों का विरोध नहीं कर सका। लेकिन कार्यवाही के बाद कांग्रेस नेताओं ने अमित शाह के राज्यसभा में दिए गए भाषण में से 12 सेकेण्ड की विडियो क्लिप निकाल कर बाहर हंगामा करना शुरू कर दिया। इसके बाद अन्य विपक्षी पार्टिया केन्द्र सरकार पर हमलावर हो गए। प्रश्न यह उठता है कि हंगामा करने बाले यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि आखिर ऐसा कहने से बाबा साहेब का अपमान कैसे हो गया। लगता है कि विपक्ष डरा हुआ है कि भाजपा बाबा साहेब को आजादी के बाद उचित स्थान देकर, दलित समुदाय के हितों की वास्तविक चिन्ता की है, जिससे दलित वोट भाजपा के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा है। इसलिये शाह के बयान को तोड़-मरोड एवं आधा-अधूरा प्रस्तुत कर बेवजह का हंगामा करने पर तुले दे रहे हैं। ऐसा लगता है कि अब समय आ गया है कि संविधान की शत प्रतिशत पालना हुआ है या नहीं इस विषय पर देश में मंथन होना चाहिए। अपनी तमाम ऐतिहासिक हस्तियों के बारे में व्यापक नजरिया रखना चाहिए।

## बगेन मंडल में मना त्याग, बलिदान, समर्पण के रुप मे वीर बाल दिवस

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी बगेन मंडल द्वारा आज वीर बाल दिवस पर ब्रजराज सिंह चौक बगेन गोला पर आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रविरंजन प्रभात कुशवाह ने किया इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष इन्द्रजीत बहादुर सिंह ने कहा कि साहिबजादो के त्याग बलिदान और समर्पण को देश वीर बाल दिवस के रूप मे हमेशा याद करेगा , भाजपा बगेन मंडल के पुर्व मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार पान्डेय ने कहा कि आज पुरे हिन्दुस्तान मे वीर बाल दिवस के रुप मे मना रहा है यह उन दोनो भाइयो के सबसे युवा बलिदान है बगेन मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन ने कहा कि 26 दिसंबर, जिसे साहिबजादों की शहादत दिवस के रूप में जाना जाता है, सिख इतिहास और भारतीय संस्कृति में एक अत्यंत महत्वपूर्ण तिथि है. इस दिन, सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के दो छोटे साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है, जिन्होंने अपनी छोटी उम्र में धर्म और सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया.इसके पीछे एक कहानी है. मुगल साम्राज्य के दौरान पंजाब में सिखों के प्रमुख गुरु गोबिंद सिंह के चार पुत्र थे, जिन्हें चार साहिबजादे खालसा के नाम से जाना जाता था. 1699 में, गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की, जिसका उद्देश्य धार्मिक उत्पीड़न से सिख समुदाय की रक्षा करना था. गुरु गोबिंद सिंह की तीन पत्नियों से चार बेटे हुएः अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह, जो सभी खालसा के सदस्य थे. दुर्भाग्यवश, मुगल सेना ने 19 वर्ष की आयु से पहले ही इन चारों की हत्या कर दी. उनकी शहादत को सम्मानित करने के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष यह घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा.इस कार्यक्रम मे बगेन मंडल महामंत्री मनजी पासवान, पुर्व मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार पान्डेय, पवन सिंह, रौशन कुमार, राज कुमार ,मोहन कुमार, राज आनंद, विजय मुसहर सहित दर्जनो लोग शमिल रहे ।

# हाइड्रोसील मरीजों के उपचार में तेजी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग उठा रहा जरुरी कदमः परमेश्वर

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार में हाइड्रोसील रोगियों के ऑपरेशन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सभी हाइड्रोसील मरीजों में लगभग 80% मामले फाईलेरिया के होते हैं। राज्य सरकार द्वारा हाइड्रोसील मरीजों के निशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है। इस अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल अस्पताल, अनुमंडलीय एवं अस्पतालों जिला, और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में कैंप मोड में ऑपरेशन किए जा रहे हैं। उक्त बातें अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने बताया। डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने बताया राज्य में इस वर्ष के जनवरी माह तक 17390 हाइड्रोसील मरीज चिह्नित थे। इसमे इस वर्ष राज्य में जनवरी से लेकर 30 नवंबर तक 7380 हाइड्रोसील मरीजों के ऑपरेशन किए गए हैं। बाकी बचे हुए चिन्हित हाइड्रोसील मरीजों के सफल ऑपरेशन को प्रभावी बनाने और अधिक से अधिक मरीजों तक पहुंचने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जन-जागरूकता गतिविधियों के तहत स्वास्थ्य कर्मी, आशा कार्यकर्ता और स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से मरीजों को ऑपरेशन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह पहल बिहार सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। उन्होंने बताया कि राज्य शीघ्र ही हाइड्रोसील ऑपरेशन के 100% लक्ष्य को हासिल कर लेगा। यह प्रयास राज्य के उन लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है, जो आर्थिक तंगी के कारण इलाज नहीं करा पाते थे। डॉ. परमेश्वर प्रसाद के अनुसार इस पहल के तहत मरीजों को कई विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। हाइड्रोसील ऑपरेशन के लिए मरीजों को अस्पताल तक लाने और ले जाने की सुविधा उपलब्ध है। ऑपरेशन के साथ-साथ पोस्ट-ऑपरेटिव केयर के लिए निशुल्क दवाइयां भी प्रदान की जा रही हैं। दूर-दराज के क्षेत्रों में मरीजों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लाकर ऑपरेशन कराया जा रहा है। यह सेवा बिल्कुल निःशुल्क है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के पास आयुष्मान भारत कार्ड है, वो सम्बंधित अस्पतालों में भी इसके जरिये ऑपरेशन करवा सकते हैं। साथ ही आयुष्मान भारत के लिए सूचीबद्ध अस्पतालों से अपील की गयी है कि वे हाइड्रोसील मरीजों का अपने अस्पताल में ऑपरेशन करें एवं इसकी सूचना राज्य फाईलेरिया नियंत्रण कार्यालय को प्रदान करें। हाइड्रोसील के चिन्हित मामलों का क्रॉस वैलिडेशन किया जा रहा है। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि सभी पात्र मरीजों को सही समय पर उपचार मिल सके। यह न केवल हाइड्रोसील रोगियों की सही संख्या का आकलन करने में मदद करता है, बल्कि ऑपरेशन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने में भी सहायक है।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



संक्षिप्त समाचार

## एसपीएस सीसीसी बैद्यनाथ प्रसाद मेमोरियल क्रिकेट के सेमीफाइनल में

**पटना।** एसपीएस सीसीसी ने ट्रैम्फेंट क्रिकेट एकेडमी को 36 रन से हरा कर बैद्यनाथ प्रसाद मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्थानीय क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार ग्राउंड पर चल रहे इस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में टॉस एसपीएस सीसीसी ने जीता और पहले बैटिंग करते हुए 25 ओवर में नौ विकेट पर 159 रन बनाये। साहिल ने 44 और रणवीर कुमार ने 33 रन की पारी खेली। ट्रैम्फेंट क्लब के युग सिन्हा ने 4 विकेट चटकाये। जवाब में ट्रैम्फेंट क्रिकेट एकेडमी की टीम 22 ओवर में 123 रन पर ऑल आउट हो गई। लक्की नीरव ने 36 रन की पारी खेली। अनिमेष और बिपिन कुमार ने 3-3 विकेट चटकाये। विजेता टीम के अनिमेष को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## प्रतिभाशाली छात्रों को अकादमिक और एथलेटिक में सशक्त बनाने के लिए तैयार प्रारंभिका वर्ल्ड स्कूल

**मुजफ्फरपुर।** पेशेवर खेल प्रशिक्षण और दिल्ली कैपिटल्स (आईपीएल टीम) अकादमियों और सुब्रत पॉल जैसे प्रसिद्ध भागीदारों के साथ सहयोग के माध्यम से, पीडब्ल्यूएस प्रतिभाशाली छात्रों को अकादमिक और एथलेटिक दोनों में सशक्त बनाने के लिए तैयार है। 1980 से समग्र शिक्षा में अग्रणी प्रारंभिका स्कूल ने खेल, वैश्विक शिक्षा और नवीनीकरण पर केंद्रित एक साहसिक नई दृष्टि को अपनाते हुए प्रारंभिका वर्ल्ड स्कूल (पीडब्ल्यूएस) में परिवर्तित होने की घोषणा की। यह विकास सीखने, नेतृत्व और व्यक्तिगत विकास के प्रमुख प्रवर्तक के रूप में खेल का लाभ उठाते हुए छात्रों को एक परस्पर जुड़ी दुनिया के लिए तैयार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रारंभिका वर्ल्ड स्कूल के निदेशक सुमित प्रकाश ने कहा कि खेल सिर्फ एक पाठ्येतर गतिविधि नहीं है, वे ज्ञान प्रदान करने, मूल्यों को स्थापित करने और छात्रों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करने का एक शक्तिशाली माध्यम है। हमारा मानना है कि खेल नेतृत्व, अनुशासन और अनुकूलन की क्षमता सिखाकर शिक्षा को बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां छात्र अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करने के साथ - साथ खेल के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ा सकें। यह परिवर्तन भविष्य के ऐसे व्यक्तित्व तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता है जो न केवल विश्व स्तर पर सक्षम हैं बल्कि सहानुभूतिशील भी हैं। यह रणनीतिक रीब्रांडिंग छात्रों को उनकी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सशक्त बनाने की प्रारंभिक वर्ल्ड स्कूल की अटूट प्रतिबद्धता को मजबूत करती है, चाहे वह कक्षा में हो, मैदान पर हो या जीवन में हो। खेल को शिक्षा, प्रौद्योगिकी और भावनात्मक विकास के साथ एकीकृत करके, पीडब्ल्यूएस एक गतिशील वैश्विक परिदृश्य में तैयार नवप्रवर्तकों और नेताओं की एक नई पीढ़ी को आकार दे रहा है।

## बापू सभागार में न केवल बापू व कलाकार बल्कि बिहार की बेटी का हुआ अपमान : अखिलेश

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में आयोजित भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में गायिका के द्वारा महात्मा गांधी के पसंदीदा भजन रघुपति राघव राजाराम...ईश्वर अल्लाह तेरो नाम पर मचे बवाल को भाजपा के द्वारा फैलाएं गए सांप्रदायिकता के जहर के विकराल रूप का उदाहरण करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि आज देश सहित प्रदेश में अराजक तत्वों का आगमन हो चुका है जिनमें भाईचारे और सामाजिक समरसता की रत्ती भर भी समझ नहीं है। ऐसे अराजक तत्वों का देश में हावी होने हमें ये संकेत देता है कि देश को बर्बाद करने पर भाजपा और उनके कार्यकर्ताओं में धर्म विशेष के प्रति इतनी नफरत भर दी गई है कि आने वाली पीढ़ियों को ये लोग वैमनस्यता के अंधी दौड़ में झोंकर बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदन के भीतर ये अराजक तत्व अंबेडकर और सदन के बाहर राष्ट्रपिता को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अविलंब उन नेताओं पर कार्रवाई करनी चाहिए जिनके उपस्थिति में ये हुआ, इन नेताओं में जरा सी भी नैतिकता नहीं बची कि बिहार की बेटी और कलाकारों को अपने सांप्रदायिक सोच से बाहर रख सकें। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ सिंह ने कहा कि खुद सोचिए कि मनोरंजन के लिए कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देते हैं और सामने बैठा दर्शक अपनी वैचारिक लड़ाई के साथ उसे सुनेगा तो कोई भी सुरक्षित नहीं है। ऐसे माहौल को भारतीय जनता पार्टी ने बिहार सहित पूरे देश में फैलाने का काम किया है। जिसके कारण कभी मॉब लिंचिंग, कभी खान पान, कभी वेश भूषा के कारक विवाद खड़े किए जा रहे हैं। युवाओं को उन्मादी और अनुशासन विहीन बनाया जा रहा है और उसका कारण है कि भाजपा के द्वारा जो समाज में आपस में लड़ाने का काम कर रही है। बापू सभागार में देश के बड़े कवि रहें पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी को खुद बड़े कलाकार कवि के रूप में स्थापित है, उनके याद में आयोजित कार्यक्रम में एक कलाकार जो बिहार की बेटी है उसको मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्रियों विधायकों के सामने भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अपमानित कर दिया जो न केवल बेटी का अपमान हुआ बल्कि समूचे बिरादरी का अपमान कराया गया जब उस कलाकार ने सबसे भरे मंच से माफी मांगी। ये बताने को काफी है कि इस राज्य में भी अराजक तत्वों का आगमन भाजपा के विचारों के कारण हो गया है।

# गाँधी भाषण प्रतियोगिता में भाग लेकर पाँच लाख का पुरुष्कार जीते

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** गाँधीयन सोसायटी ट्रस्ट दिल्ली के तत्वावधान में प्रेम यूथ फाउंडेशन के सहयोग से गाँधी डिजिटल वैश्विक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर आर्यन रंजन ने बताया कि महात्मा गांधी जी के व्यकितत्व पर पाँच से सात मिनट का विडिओ बनाकर अपलोड करना है हिंदी या अंग्रेजी में जिसमे प्रथम पुरस्कार पाँच लाख, दूसरा तीन लाख,दूसरा दो लाख एवं पचास प्रतिभागियों को दस दस हजार का पुरस्कार दिया जायेगा तथा सभी शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा । प्रतिभागिता पूर्णतः निःशुल्क है । उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सहयोग के लिए नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, सामाजिक संगठन , विद्यालय, महाविद्यालय से सम्पर्क स्थापित किया जा रहा है । प्रतियोगिता में सहभागिता निःशुल्क है किसी भी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते है ।वहीं फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि मोहन से महात्मा तक का सफर उल्लेखनीय रहा है । महात्मा गांधी ने जो सत्य अहिंसा का पाठ पढ़ाया है आज उसे पूरी दुनिया मान रही है । 1936 से 1946 तक महात्मा गांधी सेवा ग्राम वर्धा महाराष्ट्र में रहकर स्वतंत्रता का आंदोलन का संचालन किया । आज जरूरत है महात्मा गांधी जी के बुनियादी शिक्षा को लागू करने का मैकाले शिक्षा प्रणाली फेक डिग्री और बेकार परीक्षा भर रह गया है । उन्होंने अधिक से अधिक लोगो को भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आह्वान किया । मोहन से महात्मा तक के सफर के किसी भी आयाम को आप अपना भाषण के लिए चुन सकते है । सफल प्रतिभागियों को दिल्ली में पुरुस्कृत किया जायेगा । प्रतियोगिता के विषय मे जानकारी के लिए 9934085354 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है । मौके पर मो आशिफ, केशव कुणाल, सुजीत कुमार,प्रेरणा विजय,अमृत राज, शिशुपाल ने भी अपना विचार प्रकट किया ।

## दीप श्रेष्ठ को मिला जे पी नेशनल अवार्ड 2024 नई दिल्ली में



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** नई दिल्ली में लोकनायक जयप्रकाश अंतरराष्ट्रीय अध्यन विकास केन्द्र द्वारा आयोजित जे पी नेशनल अवार्ड 2024 मे फिल्म और टी वी सेक्टर में बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड एक्टर डायरेक्टर दीप श्रेष्ठ को मिला। दिल्ली के इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर मे आयोजित इस समारोह में पुर्व सांसद भाजपा और एस आई एस के संस्थापक आर के सिन्हा जी और भाजपा से विधायिका नरकटियागंज ,रश्मि वर्मा जी और अभय जी के हाथो दीप श्रेष्ठ को मिला पुरस्कार । इस समारोह के मुख्य अतिथि सांसद और मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत टूरिज़्म और कल्चर थे ।जाने माने कई फिल्मी हस्तियों और सामाज में विभिन्न तवको मे काम करने वाले सेवक को सम्मानित किया गया ।यह समारोह पिछले आठ सालों से आयोजित हो रहा है ।पुरस्कार मिलने के बाद दीप श्रेष्ठ ने कहा सम्मान मिलने के बाद और जवाब देही बढ़ जाती है

# नगर परिषद बिहटा में सेवा से सीखें" कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहटा में सेवा से सीखें कार्यक्रम के तहत युवाओं को जुड़ने के लिए 24 दिसम्बर 2024 अंतिम तिथि रखी गई। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा माय भारत पोर्टल पर नगर परिषद बिहटा के साथ इंटर्नशिप के लिए इच्छुक युवाओं से सेवा से सीखें कार्यक्रम के तहत आवेदन आमंत्रित किये गए थे। गुरूवार को नगर परिषद बिहटा में इस इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ प्रियंका कुमारी(सभापति नगर परिषद,बिहटा),दीपिक सिंह(उपसभापति नगर परिषद, बिहटा),साक्षी पाठक(स्वच्छता पदाधिकारी), उज्ज्वल कुमार(सिटी मैनेजर) एवं वार्ड पार्षदगण की उपस्थिति में किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रियंका कुमारी ने बताया कि 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के चयनित युवाओं को प्रतिदिन 4 घण्टे यानी एक माह तक कुल 120 घण्टो का शिक्षण/प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें युवाओं को नगर परिषद बिहटा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन,शहरी हरित पट्टियाँ एवं पार्क,प्रदूषण नियंत्रण,मानव विकास,शहरी गरीबों के बीच सामुदायिक सहभागिता,वार्ड सभाएं, नागरिक प्रतिक्रिया एवं सर्वेक्षण,संपत्ति कर, जीआईएस मानचित्रण और मौजूदा मानचित्रों का डिजिटलीकरण,यूएलबी की ई-गवर्नेंस पहल- वेबसाइट, पोर्टल,आपदा जोखिम न्यूनीकरण इत्यादि शामिल हैं। दीपिका सिंह ने कहा कि सरकार का बेहतर पहल है। कौशल विकास से युवाओं में आत्मविश्वास और क्षमता बढ़ेगी कौशल विकास से युवाओं में शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक, और बौद्धिक विकास होगा। कार्यक्रम में बबलु कुमार(राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, बिहटा) चयनित स्वयंसेवक एवं कार्यालय के पदाधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

# टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल द्वारा वीर बाल दिवस का आयोजन हुआ

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह जी के वीर सुपुत्रों को श्रद्धांजलि दी गई। वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के द्वारा विशेष कार्यक्रम जैसे कविता वाचन, गुरबाणी प्रतियोगिता आदि आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अनेक बच्चे जैसे प्रत्यांश कृष्ण, विक्रम राजवर्धन, भुवनेश्वर, नितिन बाजोरिया एवं शिवेंद्र ने गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के रूप धारण कर इस कार्यक्रम को जीवंत बनाया और उनकी वीरता को याद करते हुऐ उनके सम्मान में गीत और भजन गाए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरदार भाई पवित्र सिंह ने अपने विचार धाराओं से बच्चों को प्रेरित कर कहा जिस प्रकार "साहिबज़ादा जोरावर सिंह (मात्र सात साल के)" और "साहिबज़ादा फ़तेह सिंह (नौ साल के)" ने अपनी वीरता दिखाते हुए अपने धर्म के सम्मान के लिए जान दे दी उसी प्रकार आज के युवाओं को भी उनके मार्ग पर चलना चाहिए। हमारे मुख्य अतिथि के प्रेरणादायक सीख के बाद विद्यालय के निर्देशक राजीव भार्गव ने छात्र एवं छात्राओं को साहिबजादों के बलिदान और वीरता के बारे में बताते हुए उन्हें एक अच्छा नागरिक और देश प्रेमी बनने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरदार अमृतपाल सिंह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की वीरता और बलिदान की जानकारी देना और किशोरों में राष्ट्र निर्माण के लिए योगदान तथा मूल्यों को स्थापित करना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे रेवा भार्गव, देवज्योति सिन्हा, उदय नारायण, निक्की, जागृति, इशिका, श्वेतागी इत्यादि का योगदान रहा।

# 34वां कंटिन्युयिंग ऑर्थोपेडिक एजुकेशन कार्यक्रम 28-29 दिसंबर को पटना में - पारस एचएमआरआई

नई सोच एक्सप्रेस

» देश के विशेषज्ञ होंगे शामिल
» "घुटने के जोड़ के आसपास के फ्रैक्चर" पर केंद्रित होगा कार्यक्रम




**पटना।** देशभर के प्रमुख हड्डी रोग विशेषज्ञ और अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा विशेषज्ञ 28 और 29 दिसंबर को पटना में आयोजित होने वाले 34वें कंटिन्युयिंग ऑर्थोपेडिक एजुकेशन कार्यक्रम (सीओई) में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम पारस एचएमआरआई और ऑर्थोपेडिक रिसर्च एंड एजुकेशन फाउंडेशन इंडिया (ओआरईएफ) के संयुक्त तत्वावधान में लेमन ट्री प्रीमियर होटल में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम बिहार आर्थोपेडिक एसोसिएशन द्वारा समर्थित है। बिहार मेडिकल रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने इस शैक्षिक कार्यक्रम के लिए 8 क्रेडिट पॉइंट्स मान्यता प्रदान की है। इस बार का विषय "घुटने के जोड़ के आसपास के फ्रैक्चर" पर केंद्रित है। पारस एचएमआरआई में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ओआरईएफ के चेयरमैन और आयोजन अध्यक्ष डॉ. जॉन मुखोपाध्याय ने बताया कि 1983 में पद्म भूषण डॉ. (प्रो.) बी. मुखोपाध्याय द्वारा शुरू किए गए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हड्डी रोग सर्जनों के कौशल और ज्ञान को उन्नत करना है। कोरोना महामारी के कारण पिछले कुछ वर्षों तक इसका भौतिक आयोजन बाधित रहा, लेकिन इस बार बड़ी संख्या में विशेषज्ञों और प्रतिभागियों की भागीदारी की उम्मीद है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में इंदौर के डॉ. (प्रो.) डीके तनेजा, कोलकाता के डॉ. राजीव चटर्जी, मुजफ्फरनगर के डॉ. मुकेश जैन, गंगा हॉस्पिटल कोयंबटूर के डॉ. दीन दयालन, और एम्स दिल्ली के डॉ. विवेक त्रिखा जैसे अनुभवी विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। अंतरराष्ट्रीय सत्र में चीन, थाइलैंड और बिहार के अनुभवी डॉक्टर उन्नत फ्रैक्चर प्रबंधन और नवीनतम तकनीकों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। पारस एचएमआरआई के डायरेक्टर जेनेरल सर्जरी डॉ. ए.ए. हई ने कहा कि पारस एचएमआरआई चिकित्सा शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। यह आयोजन विशेषज्ञों के लिए एक मंच प्रदान करेगा, जहां वे आधुनिक उपचार विधियों पर चर्चा करेंगे और ज्ञान साझा करेंगे। पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि पटना के लिए यह गर्व की बात है कि ऐसा उच्चस्तरीय आयोजन यहां हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम चिकित्सा जगत में तकनीकी प्रगति पर ध्यान केंद्रित करेगा और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। आयोजन सचिव डॉ. जानकी शरण भदानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में देशभर के नामी ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों के साथ चीन और थाइलैंड के डॉक्टर भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य हड्डी रोग विशेषज्ञों को नई तकनीकों और उपचार विधियों से अवगत कराना है।

## जैन मंदिरों में भगवान चन्द्रप्रभु एवं पार्श्वनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक मनाया गया



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जैन समाज द्वारा पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित मीठापुर, मुरादपुर एवं अन्य जैन मंदिरों में भगवान चन्द्रप्रभु एवं भगवान पार्श्वनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर, जैन समुदाय के सदस्यों ने भगवान चन्द्रप्रभु एवं भगवान पार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया. भगवान चन्द्रप्रभु एवं भगवान पार्श्वनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक के अवसर पर अभिषेक एवं पूजा के बाद उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कदमकुआं, मीठापुर , मुरादपुर, कमलदह सहित चंद्रप्रभु जी दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र जिया तमोली गली मंदिर में मंगल कलश शांतिधारा एवं मंगल आरती किया गया। मुरादपुर मंदिर में शांतिधारा सुबोध फंटी एवं निखिल जैन ने किया। मौके पर बिहार राज्य दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि चंद्रप्रभु जी दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र जिया तमोली गली मंदिर में मंगल कलश शांतिधारा एवं मंगल आरती काफी अधिक श्रधालुओं द्वारा किया गया।

# सिवान के यह डॉक्टर नहीं लेते हैं मरीजों से फी, पर करना होता है यह काम

नई सोच एक्सप्रेस

» पेड़ लगाओ निशुल्क परामर्श पाओ डॉक्टर सुनीत रंजन की अनूठी पहल



**पटना।** सिवान के चिकित्सक डॉक्टर सुनीत रंजन नेक ऐसी अनूठी पहल की है जिसकी चर्चा सिर्फ सिवान ही नहीं पटना ही नहीं बल्कि पूरे बिहार में हो रही है। जैसा कि आप जानते हैं बिहार के सिवान के युवा चिकित्सक डॉक्टर सुनीत रंजन जो की नस रोग स्पाइन गठिया तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं पेड़ वितरण के बचाव के लिए पेड़ लगाओ अभियान चला रहे हैं यह अभियान बिहार के हर जिले में चलाया जाएगा इसी क्रम में एक कदम और आगे बढ़ाया जिसमें हर महिला को निशुल्क परामर्श दिया जाएगा इसके बदले में उस महिला को एक पेड़ अपने घर में लगाना होगा तथा उसकी देखभाल करना होगा यह योजना नए साल में 1 जनवरी 2025 से लागू होगी डॉक्टर सुनीत के इस कदम से पर्यावरण की रक्षा तथा महिलाओं के विकास को और बल मिलेगा हाल के दिनों में डॉक्टर सुनीत ने अपना कीमती समय निकालकर गांव-गांव में जाकर पेड़ लगाने के लिए जागरूकता फैलाया तथा पेड़ भी लोगों के बीच में बांटा तथा लगाया डॉक्टर सुनीत का कहना है कि अगर हम सभी मृत्यु भोज पर जन्मदिन पर तथा कोई कार्यक्रम पर पेड़ ही बांट दे तो इससे पैसे का दुरुपयोग रुकेगा तथा पर्यावरण की रक्षा होगी डॉक्टर सुनीत ने बिहार सरकार तथा भारत सरकार से आग्रह किया है कि जो भी मॉल या सार्वजनिक स्थल बन रहा है वहां पर्यावरण की रक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पेड़ लगाने का नियम लागू किया जाए घर हो अस्पताल हो जो भी नक्शा पास हो रहा है उसमें पर्याप्त संख्या में पेड़ लगाने का प्रावधान की रखा जाए इसके इससे जमीन का पानी का स्तर प्रदूषण तथा तापमान को एक तारा तक बनाए रखने में मदद मिलेगी डॉक्टर सुनीत रंजन को इस विचार के लिए बिहार के राज्यपाल से सम्मान भी मिल चुका है।

# फतुहा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

» बिछौने पर पेशाब का होम्योपैथिक में है कारगर इलाज



**फतुहा।** भाजपा कार्यालय मां तारा उत्सव पैलेस गोविंदपुर फतुहा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी, संचालन फतुहा नगर उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा तथा मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल । मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि बिछौने पर पेशाब का होम्योपैथिक में है कारगर दवा। अधिकांश माताएं बिछौने पर पेशाब कर देने के कारण काफी परेशान रहती है। यदि बच्चा बिस्तर पर पेशाब कर दे तो उसे डांटना नहीं चाहिए। **मुख्य दवा-**

(1) यदि पेशाब में तीव्र गंध हो तो बेजोइक एसिड 30 एक बूंद तीन बार रोज।(2) तेज प्यास रोगी को बार -बार पेशाब के लिए उठना पड़ता है एसिड फास 30 एक बूंद तीन बार रोज।(3) पेशाब में तेज गंध, मुत्र नली के मुंह पर तेज चुभने जैसी जैसी पीड़ा रहने पर -एसिड नाइट्रिक 30, एक बूंद तीन बार रोज।(4) पेट में कृमि के कारण विचछावन पर पेशाब - सिना 30 एक बूंद तीन बार रोज।(5) पेशाब रोकने में असमर्थ। रात्रि के प्रारंभ में पेशाब होने पर कास्टिकम 30 एक बूंद तीन बार रोज।(6) जिन बच्चों को दांत कष्ट से निकलते है। दांत निकलते ही क्षय होने लगते हैं।जैसे लगता है कि पेशाब करने के स्थान पर ही पेशाब कर रहे हैं। क्रियोजोटम 30 एक बूंद तीन बार रोज।(7) बच्चे पहले नींद में ही पेशाब कर देता है। पेशाब में अत्यंत दुर्गन्ध होता है सीपिया 30 एक बूंद तीन बार रोज।(8) बच्चा चुपचाप पड़ा रहता है। हिलना डुलना पसंद नहीं करता है।(9) बच्चा चुपचाप पड़ा रहता है। हिलना डुलना भी पसंद नहीं करता है। पेशाब में लाल तल छट तथा पेशाब से पहले दर्द होने पर लाइकोपोडियम 30 एक बूंद तीन बार रोज लेना चाहिए। कोई भी दवा चिकित्सक के सलाह से ही इस्तेमाल करें। इस अवसर पर रेखा शर्मा,पूजा कुमारी, अनामिका पांडे,शोभा पटेल, ममता पटेल ,अनामिका पटेल, डॉ मनीषा कुमारी, दिनेश कुमार , अनीता पाटनी संजू कुमारी, जितेंद्र मिस्त्री, बब्लू शाह, सत्येन्द्र पासवान आदि शामिल हुए ।

# संसदीय बहस मिथकों में ही उलझी रही

लोकसभा में हुई चर्चा पर सियासी तू तू-मैं मैं ही हावी रही। संविधान की तारीफ, अनेक संदर्भों में इसके अयथार्थ महिमामंडन की आम होड़ और उन कसौटियों पर दूसरे पक्ष को कमतर दिखाने की प्रवृत्ति से संसदीय बहस उबर नहीं पाई। संविधान की 75वीं सालगिरह पर संसद में विशेष चर्चा का आयोजन तय हुआ, तो सामान्य स्थितियों में यही अपेक्षा होती कि इस संविधान के तहत 75 साल के अनुभवों पर सदस्य गंभीरता से मंथन करेंगे। इस दौरान वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था की उपलब्धियों और नाकामियों का ठोस आकलन किया जाएगा, ताकि भविष्य को बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श हो सके। लेकिन ये सामान्य दिन नहीं हैं। इसमें संविधान भी सियासी मुद्दा है। पक्ष और विपक्ष में होड़ यह बताने की है कि किसने संविधान की भावना का ज्यादा उल्लंघन किया है। लोकसभा में हुई चर्चा पर यह सियासी होड़ ही हावी रही। संविधान की तारीफ, अनेक संदर्भों में इसके अयथार्थ महिमामंडन की आम होड़ और उन कसौटियों पर दूसरे पक्ष को कमतर दिखाने की प्रवृत्ति से संसदीय बहस उबर नहीं पाई। चर्चा की शुरुआत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ही दिशा तय कर दी, जब उन्होंने इमरजेंसी का विस्तार से उल्लेख किया और कांग्रेस पर इल्जाम लगाया कि उसने हमेशा संविधान के ऊपर सत्ता को तरजीह दी है। इसके बाद प्रधानमंत्री के भाषण तक सारी चर्चा जवाब, आरोप और प्रत्यारोपों में उलझी रही। राहुल गांधी सहित तमाम विपक्षी नेताओं भाजपा पर तीरे दागे और अपने-अपने अंदाज में उसे कठघरे में खड़ा किया। अब जो दिशा लोकसभा में तय हुई है, राज्यसभा की बहस उससे अलग मोड़ लेगी, इसकी आशा कम ही है। साफ है, संविधान पर किसी सार्थक चर्चा की उम्मीद संसद से जोडऩे का कोई फिलहाल आधार नजर नहीं आता। अगर सचमुच भारतीय संविधान के अनुभवों और आज उसके सामने उपस्थित हुई चुनौतियों पर सार्थक बात करनी है, तो यह दायित्व शायद बुद्धिजीवियों और सिविल सोसायटी को ही उठाना होगा। संविधान कोई धर्म ग्रंथ नहीं होता, जिसकी आलोचनात्मक समीक्षा ना की जाए। वह आस्था का दस्तावेज नहीं है। वह वक्त के तकाजों के अनुरूप बना रहे, इसलिए आवश्यक है कि उसके हर पहलू पर हमेशा सारगर्भित चर्चा करते हुए अधिकतम आम सहमति हासिल की जाए। मगर आज ऐसी चर्चाएं सिविल सोसायटी में भी गायब हैं। नतीजतन संविधान को लेकर मिथकों की भरमार हो गई है। संसदीय बहस उन मिथकों में ही उलझी रही।

# मोदी-शाह राज में सब मुमकिन

इस सप्ताह नीतीश कुमार को भारत रत्न देने का कयास सुना तो वही उद्धव ठाकरे ने सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की। जबकि सरकार ने सर्वत्र अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर का कीर्तन बनाया हुआ है। तो क्यों नहीं मोदी सरकार अपने दिल में बसे डॉ. भीमराव अंबेडकर को दिखाने के लिए इस जनवरी उनके पोते प्रकाश अंबेडकर को भारत रत्न से नवाज देती है? हालांकि कांशीराम, मायावती भी दलितों के आईकॉन हैं! हां, मोदी-शाह राज में सब मुमकिन है। आखिर यथा राजा तथा प्रजा के सत्य में टके सेर भाजी टके सेर खाजा भी तो हम हिंदुओं का इतिहासजन्य अनुभव है। कुछ भी संभव है! बस, राजा के कान में हेडलाइनO का मंत्र फूंक जाए। सोचें, अंबेडकर शब्द के मंत्र पर! भाजपा जन्म से आज तक कभी भी अंबेडकर के नाम पर, दलित वोटों से नहीं जीती। हमेशा रामजी, हिंदू वोट, हिंदू राजनीति से जीती। नरेंद्र मोदी और अमित शाह को न गुजरात में, न बनारस में कभी थोक दलित वोट मिले और न हाल में महाराष्ट्र, झारखंड के चुनावों में मिले। यह भी सत्य है कि संविधान पर हुई बहस में अमित शाह के कहे में कुछ भी गलत नहीं था। अमित शाह का कहना था- हमारे संविधान को कभी भी अपरिवर्तनशील नहीं माना गया। समय के साथ साथ देश भी बदलना चाहिए। समय के साथ कानून भी बदलने चाहिए और समय के साथ साथ समाज भी बदलना चाहिए।ज्अब ये एक फ़ैशन हो गया है। आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकरज् इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। भाषण का यह अंश संसद कार्यवाही का हिस्सा है। तब नरेंद्र मोदी और अमित शाह के कान में किसने यह मंत्र फूंका कि राहुल गांधी के इस ट्विट (मनुस्मृति मानने वालों को अंबेडकर जी से तकलीफ़ बेशक होगी ही) से दलित भड़केंगे? और भविष्य में प्रधानमंत्री बनने का आपका सपना बिखर जाएगा इसलिए जरूरी है कि कांग्रेस को अंबेडकर विरोधी करार देने के लिए भाजपा पिल पड़े! तभी संसद परिसर मानों आर-पार की लडाई का पानीपत हुआ। सोचें, बैठक खाने में सावरकर, चाणक्य की तस्वीर लगाए अमित शाह की अंबेडकर पर पहले स्पष्टवादिता, फिर रक्षात्मक, आक्रामक होने की इस राजनीति पर। भला राहुल गांधी, खडग़े के मनुस्मृति के जुमले से भाजपा का क्या कोई वोट खराब होता है? अंबेडकर का पोता प्रकाश अंबेडकर दशकों की दलित राजनीति के बावजूद आज भी जीरो है। मायावती जब तक तिलक, तराजू और तलवार इनको मारो जूते चार का नारा लगाती थी तब तक सड़क पर रही और मनुस्मृति के वंशज ब्राह्मणों को हाथी नहीं गणेश का नारा लगा पटाया तो सत्ता में आईं! ऐसे ही आरएसएस के लाठीधारियों के लिए हमेशा पूजनीय यदि सावरकर, हेडगेवार और गोलवलकर थे और उन्हीं की बदौलत अंततः हिंदू राजनीति को केंद्र का शासन मिला तो मोदी-शाह को सावरकर के सत्य पर अटल रहना चाहिए था या कांग्रेस पर यह पलट वार करना था कि हम असली अंबेडकरवादी हैं और कांग्रेस ने उन्हें धोखा किया जबकि हमने अंबेडकर को भारत रत्न दिया! तभी नैरेटिव के अधबीच उद्धव ठाकरे का संघ परिवार को यह थप्पड़ है जो (सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी के ताजा संदर्भ में) उन्होंने सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने देश-दुनिया को बताया है कि मोदी राज अंबेडकर, अंबेडकर तो कर रहा है लेकिन जिस हिंदुवाद तथा संघ परिवार की बदौलत मोदी-शाह सत्ता भोग रहे हैं उसके पितामह सावरकर को अभी तक इस मोदी राज ने भारत रत्न क्यों नहीं दिया? अंबेडकर को दिया और उन्हें नहीं दिया तो यह कथित हिंदुत्व, हिंदू राजनीति की अहसानफरामोशी है या नहीं? जब प्रणब मुखर्जी से कर्पूरी ठाकुर तक तमाम लोगों को भारत रत्न बांट दिए तो आरएसएस के हेडगेवार, गोलवलकर को भी बांट देते? ये क्या अंबेडकर, अंबेडकर कर उनसे अपनी वफादारी दिखा रहे हैं? वही यदि अपने सावरकर, हेडगेवार, गोलवलकर का ही नाम ले लिया होता तो कम से कम अपने वंश, अपनी विचारधारा के तो सगे कहलाते!

# क्या कांग्रेस का 'वामपंथीकरण' ही राहुल गांधी की नई राजनीति होगी?



आरती कुमारी

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि यदि उनकी सरकार आई तो सिर्फ जाति जनगणना ही नहीं बल्कि आर्थिक सर्वेक्षण भी होगा। दरअसल, इसके जरिए वह पता लगाएंगे कि किसके पास कितनी संपत्ति है। फिर नई राजनीति शुरू होगी। इससे साफ है कि जेएनयू के युवा वामपंथी नेताओं व कार्यकर्ताओं से भरी कांग्रेस अब उस वामपंथ की राह पर अग्रसर है जो पूरी दुनिया में राजनीतिक तौर पर अप्रासंगिक हो चुका है। बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर जाति सर्वेक्षण और आर्थिक समीक्षा कराए जाने की वकालत करते हुए कहा कि इसका मकसद है यह पता लगाना कि किसके पास कितनी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि अगर वह सत्ता में आए तो यह भारत का पहला काम होगा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में "न्याय मंच-अब इंडिया बोलेगा" में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय सत्ता में आने के बाद उनका पहला कदम आर्थिक सर्वेक्षण के साथ-साथ जाति जनगणना करवाना होगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि देश में किसके पास कितनी संपत्ति है।" उन्होंने आगे कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी वाले लोगों को अपनी ताकत का अंदाजा नहीं है और वे इस बात से भी अनजान हैं कि उनके पास भारत की कुल सम्पत्ति में से कितनी संपत्ति है। वे कहते हैं कि उनकी आबादी लगभग 50 प्रतिशत है लेकिन वे यह नहीं जानते कि उनके पास कितनी संपत्ति है। इसलिए हम एक जाति जनगणना करेंगे जिससे ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को पता चल जाएगा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनकी कितनी भागीदारी है। इससे सच्चाई सामने आ जाएगी।" उन्होंने संकेत दिया कि इससे दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, गरीब सवर्णों को भी उनकी वास्तविक स्थिति का पता चल जाएगा। एक युवा के सवाल का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा, "आज क्या हो रहा है कि ओबीसी को मूर्ख बनाया जा रहा है और उन्हें बहुत कुछ बताया जा रहा है लेकिन मुख्य मुद्दा यह नहीं है कि किसके पास कितनी संपत्ति है। जाति जनगणना के साथ साथ होने वाले आर्थिक सर्वेक्षण से पूरे देश को यह पता लग जाएगा कि हिंदुस्तान का धन कहां है, किसके हाथ में है, पिछड़ों के हाथ में कितना, दलितों के हाथ में कितना, अल्पसंख्यकों के हाथ में कितना, गरीब सामान्य वर्ग और महिलाओं के हाथ में कितना धन है। सबके सामने पूरा साफ हो जाएगा। उसके बाद न्यू पॉलिटिक्स शुरू होगी। उसके बाद ये लोग कहेंगे कि मेरे पचास परसेंट लोग हैं, जबकि मेरे पास 2 परसेंट धन है। इसलिए मुझे 50 परसेंट धन चाहिए। सीधी सी बात होगी। ये हमारी सोच है, जाति जनगणना पहला कदम है। ये सिर्फ जाति जनगणना नहीं होगी बल्कि ये आर्थिक सर्वे भी होगा। हालांकि, राहुल गांधी की टिप्पणी पर भाजपा के सोशल मीडिया प्रमुख अमित मालवीय ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी अपने बेहद खतरनाक और भ्रामक विचारों से देश को कहां ले जाना चाहते हैं? वहीं, राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि अब साफ है कि मुस्लिम परस्त राजनीति करने वाले राहुल गांधी अपनी राजनीतिक जागीरदारी पुनः पाने के लिए जिस तरह से ओबीसी, दलित, आदिवासी, गरीब सवर्ण और महिलाओं को उनके हिस्से की संपत्ति मौजूदा अमीरों से लेकर देना चाहते हैं, उससे विदेशी निवेश प्रभावित होगा। धनी लोग अपनी संपत्ति विदेशों में शिफ्ट करने लगेंगे। इससे हर ओर असंतोष फैलेगा और देश में अरब देशों की तरह गृह युद्ध होगा क्योंकि इतनी आसानी से लोग अपनी सम्पत्ति छोड़ने वाले नहीं हैं। राहुल गांधी को यह पता होना चाहिए कि देश में अब ग्राम भूमि सवर्णों से ओबीसी-दलितों-अल्पसंख्यकों-आदिवासियों की ओर हस्तांतरित होती जा रही है। यह कांग्रेस की सरकारों की नीतियों और उनको हटाकर विकसित हुई समाजवादी राजनीति करने वाले दलों की नीतियों की करामात है। वहीं, शहरों की ओर शिफ्ट हो रहे सवर्णों के पास शहरी सम्पत्ति बढ़ी है लेकिन ओबीसी-दलितों-आदिवासियों-अल्पसंख्यकों आदि ने भी ऐसी नई सम्पत्ति खूब बनाई है। इससे संपत्ति के समान बंटवारे का उनका विचार पिछले लोकसभा चुनाव 2024 की तरह ही उन पर भारी पड़ जाएगा क्योंकि तब वह केंद्रीय सत्ता में आते आते यदि चूक गए तो उसके पीछे उनकी इन्हीं बयानबाजियों का हाथ है। देखा जाए तो मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में सरकारी नौकरियों में जातीय आरक्षण जैसे निकृष्ट विचार के बाद जनसंख्या आधारित संपत्ति के बंटवारे का विचार कांग्रेस का ऐसा जाहिल विचार है जो भारत के विकास को पुनः अवरुद्ध कर देगा। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस रणनीतिकार चीनी-रूसी सांठगांठ से प्रभावित और सीआईए-आईएसआई के बैक डोर पॉलिसी आधारित षड्यंत्रों से अनुप्राणित हैं जिनका मकसद है कि अमेरिका, रूस, चीन के समकक्ष स्तर तक उठ चुके मोदी युगीन भारत को उलजुलूल सियासी विवादों में फंसाकर पीछे धकेल दिया जाए। यदि इसे समझने में राहुल गांधी नादानी दिखा रहे हैं तो यह एक खतरनाक राजनीतिक ट्रेंड है जिस ओर भाजपा भी इशारा कर चुकी है। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि जातीय जनगणना और आर्थिक सर्वेक्षण की मांग पर अड़े रहने से राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव 2029 में बहुमत भी मिल सकता है क्योंकि मुफ्तखोर राजनीति एक बार फिर से परवान चढ़ती जा रही है। जब हजार-दो हजार की गारंटी देने वाले दलों पर मतदाता फिदा हो सकते हैं तो यहां पर तो राहुल गांधी संपत्ति ही देने-दिलाने के कोरे आश्वासन दे रहे हैं। वैसे भी फ्री उपहार की राजनीति आप, कांग्रेस होते हुए यह भाजपा व अन्य दलों तक पहुंच चुकी है। अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि कभी संविधान, कभी जातीय जनगणना और कभी आर्थिक सर्वेक्षण के राग अलाप कर राहुल गांधी सियासी भूल-पर-भूल करते जा रहे हैं। दरअसल, भाजपा और मोदी को कमजोर करने की जल्दबाजी में वह जिस तरह से क्षेत्रीय दलों के मुद्दों पर सियासी बॉलिंग करने की भूल कर रहे हैं, इससे क्षेत्रीय दल पुनः मजबूत होंगे, जो उनकी राष्ट्रीय राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय छवि को मटियामेट कर देंगे। उन्हें यह पता होना चाहिए कि ओबीसी-दलित नेताओं को कमजोर कांग्रेस पसंद है, मजबूत नहीं। इंडिया गठबंधन को गत लोकसभा चुनाव 2024 में मिली आंशिक सफलता के बाद नेतृत्व के सवाल पर मचा घमासान उनकी आंख खोलने को काफी है। इसके अलावा, राहुल गांधी को संपत्ति के बारे में अपने विचार भी स्पष्ट कर देने चाहिए क्योंकि संपत्ति दो तरह की होती है- चल सम्पत्ति और अचल संपत्ति, देशी संपत्ति और विदेशी सम्पत्ति, व्यक्तिगत संपत्ति और संस्थागत सम्पत्ति, राष्ट्रीय संपत्ति और निजी संपत्ति, नामी सम्पत्ति और बेनामी सम्पत्ति, भूमि संपत्ति और मौद्रिक संपत्ति, मकान, दुकान, कोठी, फैक्ट्री, स्वर्णाभूषण आदि। विभिन्न प्रकार के वाहन, मशीन, गैजेट्स आदि। आजकल राजनीतिक दल, कम्पनी, एनजीओ, ट्रस्ट, फर्म, स्कूल, कॉलेज, विश्विद्यालय, रेस्टोरेंट, होटल आदि भी बहुत बड़ी संपति बन चुकी हैं। चर्चा है कि ये सम्पत्ति पहले कांग्रेसी नेताओं व उसके समर्थकों के पास ज्यादा थी जिसे बचाने के लिए लोग भाजपाई या समाजवादी बन चुके हैं। कुछ लोग तो दलितवादी या आदिवासी दलों से भी जुड़ चुके हैं। इसलिए राहुल को बताना चाहिए कि वो किस-किस चीज की गणना करेंगे। सबसे बड़ी बात शिक्षा और हुनर जो मानव संसाधन है, उससे ही उपर्युक्त सम्पत्ति खड़ी होती है, उसका बंटवारा कैसे करेंगे। सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी, जो अक्सर अपने बयान के चलते सुर्खियों में रहते हैं, का एक बयान ही अब उन पर भारी पड़ रहा है क्योंकि यूपी के बरेली जिले की एक अदालत ने उन्हें आर्थिक सर्वेक्षण संबंधी बयान को लेकर नोटिस जारी किया है जिसके मुताल्लिक राहुल गांधी को सात जनवरी 2025 को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा है। अधिवक्ता वीरेन्द्र पाल गुप्ता ने बताया कि बरेली जिला एवं सत्र न्यायालय ने बयान को लेकर गत शनिवार को गांधी को नोटिस जारी किया और सुनवाई के लिए सात जनवरी 2025 की तारीख तय की है। बता दें कि बरेली के सुभाषनगर के निवासी और अखिल भारतीय हिंदू महासंघ के मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक ने अधिवक्ताओं गुप्ता और अनिल द्विवेदी के जरिए राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए सांसद-विधायक अदालत (एमपीएमएलए कोर्ट) में याचिका दायर की थी जिसे अदालत ने 27 अगस्त को निरस्त कर दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए सत्र अदालत में पुनर्विचार याचिका दायर की गई क्योंकि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार आई तो हम आर्थिक सर्वेक्षण कराएंगे । इस सर्वे के आधार पर संपत्ति का बंटवारा होगा। जिसकी भागीदारी अधिक होगी, अगर उसकी संपत्ति कम है तो कम आबादी जिसकी संपत्ति ज्यादा है, उससे लेकर कम संपत्ति वालों को दी जाएगी। इसलिए राहुल के इस बयान का काफी विरोध हो रहा था। उल्लेखनीय है कि इसके पहले कांग्रेसी पीएम इंदिरा गांधी के कार्यकाल में ही सम्पत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकार की श्रेणी से हटा दिया गया था जिसकी तब खूब आलोचना हुई थी। वैसे आपातकाल के दौरान भी वामपंथियों ने कांग्रेस का साथ दिया था। हल पटक दो खेत हमारा वाले नारे और सिक्किमी कानून को भी कांग्रेस का समर्थन हासिल था जो रूस से उसकी दोस्ती का प्रतिफल था। उसके और उसके समाजवादी मित्रों के कार्यकाल में नक्सलवाद, अलगाववाद और आतंकवाद भी खूब फला- फूला। इसलिए कांग्रेस को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए, अन्यथा वह वामपंथियों की तरह कांग्रेस मुक्त भारत के सपने को पूरा करने में खुद ही अपना बड़ा योगदान देगी।

# केवल संभल ही नहीं देश के कई शहरों में कट्टरपंथी मुस्लिमों के निशाने पर है हिन्दू

अशोक भाटिया, मुंबई

गुर्जर प्रतिहार साम्राज्य के बादहिन्दुओं का उत्पीडन हिन्दुओं के शोषण, जबरन धर्मपरिवर्तन, सामूहिक नरसहांर, गुलाम बनाने तथा उनके धर्मस्थलों, शिक्षणस्थलों के विनाश के सन्दर्भ में है। मुख्यतः भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान तथा मलेशिया आदि देशों में हिन्दुओं को उत्पीडन से गुजरना पड़ा था। आज भी आजाद हिंदुस्तान के कुछ हिस्सो में ये स्थिति देखने में आ रही है। आज भी हर साल कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं के त्यौहारों, शोभायात्रा पर अकारण पथराव, मूर्ति विसर्जन के दौरान हिंदुओं को धमकाने, उन पर हमला करने, कावड़ियों पर पत्थरबाजी, आगजनी और मासूमों की हत्या की खबरें सामने आती रहती हैं। यही कारण है कि हिंदू न चाहते हुए भी अपने पूर्वजों की विरासत और अपने पुश्तैनी घरों को छोड़कर पलायन कर रहे हैं। खास बात यह है कि हिंदुओं के मसले पर सेकुलर चुप्पी साध लेते हैं। अवार्ड वापसी गैंग में भी कोई सुगबुगाहट नहीं होती है। मुस्लिम समाज का नेतृत्व करने वाले भी इन कट्टरपंथियों पर चुप हो जाते हैं। मोहब्बत की दुकान लगाने वाले ऐसी घटनाओं पर अपनी दुकान का शटर गिरा देते हैं। इस साल कितनी ही शोभायात्राओं पर हमले हुए, कितने हिंदू परिवारों ने पलायन के पोस्टर लगाएं, लेकिन खामोशी की चादर ओढ़े ये लोग कुछ नहीं बोले। अज़ब विडम्बना है कि भारत में रहने वाले हिंदू इन कट्टरपंथी मुस्लिमों के भय से अपने ही घरों के बाहर पलायन के पोस्टर लगाने को मजबूर हैं। वे अपने ही देश में डर के साये में जी रहे हैं। हिंदुओं के छोटे से छोटे धार्मिक आयोजन भी बिना पुलिस की सुरक्षा के पूर्ण नहीं हो पाते हैं। हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचाना, देवी-देवताओं को अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अपमानित करना, मूर्तियों को लात मारना, उन्हें खंडित करना इन कट्टरपंथियों का शौक बन गया है। ताजा मामला हरियाणा के फरीदाबाद का है। सुभाष कॉलोनी में एक हिंदू परिवार ने अपने घर के बाहर "यह मकान बिकाऊ है" का पोस्टर लगा दिया है। हिंदू परिवार का आरोप है कि दिवाली पर उनके बच्चे के पटाखे जलाने पर कट्टरपंथी मुस्लिमों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने पीड़ित परिवार के घर पर ईंट-पत्थर बरसाए और मुख्य दरवाजे को तोड़ दिया। घर की बहन बेटियों से छेड़छाड़ की, उनके कपड़े फाड़ दिए। घर की महिलाओं पर डंडों से हमला भी किया। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की वजह से अब वह अपना मकान बेचकर पलायन करने को मजबूर हैं, जिसके चलते हिंदू परिवार के लोगों ने घर के बाहर पोस्टर भी लगा दिया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर मामले की अनसुनी करने का भी आरोप लगाया है। इस साल मई में उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में हिंदू समाज के लोगों ने अपने घर के बाहर पलायन के पोस्टर लगाए थे। ये पोस्टर स्वार इलाके के घोसी पूरा पट्टी गांव में हिंदुओं के घरों के बाहर लगाए गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मुस्लिम बाहुल्य गांव है। गांव के ही दिनेश कुमार ने पास में रहने वाले मुस्लिम पर आरोप लगाया था कि किसी बात को लेकर कहासुनी होने पर रिजवान ने उसके घर में घुसकर उससे मारपीट की। पुलिस स्टेशन में शिकायत करने के बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर हिंदू समाज के लोगों ने अपने घरों के बाहर पलायन के पोस्टर लगाए थे। हिंदुओं ने इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मदद की गुहार लगाई थी। इस साल जून में राजस्थान की राजधानी जयपुर से भी हिंदुओं के पलायन की खबर सामने आई थी। यहां शास्त्री नगर में शिवाजी नगर के हिंदुओं ने अपने घरों के बाहर पलायन के पोस्टर लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि वहां रहने वाले कट्टरपंथी मुस्लिम उन्हें परेशान करते हैं। वे मुस्लिम समुदाय की ज्यादतियों से परेशान हो गए हैं। इसलिए हिंदू कॉलोनी छोड़कर जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की थी कि वह यहां गैर हिंदूओं को घर खरीदने से रोकें। हिंदुओं ने पलायन के पोस्टर में लिखा था कि सनातनियों से अपील, पलायन रोकें। सभी सनातनी भाई बहनों से निवेदन है कि अपना मकान गैर हिन्दू को न बेचें। उनकी बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। हिंदुओं ने यह भी आरोप लगाया था कि उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वे पहले भी शिकायत कर चुके हैं। इस इलाके में खौफ का माहौल है। पुलिस से उचित कार्रवाई और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने की विनती करते हैं। बिजनौर में भी इस साल ही मकान बिकाऊ है के पोस्टर लगे। घटना अगस्त की है। मुस्लिम युवक ने हिंदू युवती को इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज भेजे। वह कई दिनों से लड़की को प्रताड़ित कर रहा था। लड़की ने परिजनों को बताया। पीड़ित लड़की के परिवार ने इस उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई। इस पर आरोपी ने करीब 300 लोगों की भीड़ इकट्ठा कर ली। भीड़ ने साम्प्रदायिक नारे लगाए और धमकी दी कि यहां बांग्लादेश बना देंगे। इससे डर का माहौल बना। इलाके के कई परिवारों ने अपने घरों की दीवारों पर "यह मकान बिकाऊ है" लिखवाया। बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने प्रभावित परिवारों से बात कर उनके घरों से "यह मकान बिकाऊ है" लिखे संदेश को भी मिटवाया। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई कई सालों से बारूद के ढेर पर बैठी है। वास्तव में 1992 और 2012 के बीच तुलना करें तो पता चलता है कि वहां पिछले दो दशकों में हालात बहुत ज्यादा नहीं बदले हैं। दिसंबर 1992 में भीड़ के आक्रोश की पहली लहर काफी हद तक इस बार आजाद मैदान में हुई हिंसा जैसी ही थी। यदि इस बार असम की हिंसा ट्रिगर प्वाइंट बनी, तो 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के चलते हिंसा भड़क गई। दोनों ही प्रकरणों में मुस्लिमों का पुलिस के साथ टकराव हुआ, जहां पर खाकी वर्दीधारियों को पक्षपाती सरकारी मशीनरी के नुमाइंदों की तरह देखा गया। हालांकि इस बार पुलिस के साथ-साथ मीडिया को भी नुकसान झेलना पड़ा। 1992-93 की हिंसा के जवाब में शिवसेना की अगुआई में उग्र प्रतिक्रिया दी गई, जिसने शहर को सांप्रदायिक आधार पर दोफाड़ कर दिया। शुक्र है इस बार पुलिस ने सराहनीय ढंग से संयम दिखाया, जिससे स्थिति विस्फोटक होने से बच गई। 1992-93 में मुस्लिम समूहों द्वारा किए गए शुरुआती विरोध प्रदर्शन एक तरह से स्वस्फूर्त थे, जबकि 2012 में यह काम कहीं ज्यादा संगठित ढंग से किया गया। यह ज्यादा खतरनाक है। वहां पर अब कट्टरपंथी धार्मिक अल्पसंख्यक समूहों और उनके राजनीतिक रहनुमाओं के साथ-साथ अपराधी-आतंकी माफियाओं का घातक मेल तैयार हो गया है, जो सुरक्षा एजेंसियों के लिए कहीं ज्यादा चिंता की बात है। 1992-93 की हिंसा में अंडरवर्ल्ड ने नापाक भूमिका निभाई थी। आज २क् साल बाद इस्लामिक आतंकी संगठनों के साथ वहां कहीं ज्यादा घातक हथियार आ चुके हैंऔर कट्टरपंथी मुस्लिम समूह अब ज्यादा संगठित हैं । यह भी विडम्बना है कि मुंबई में वोट बैंक की राजनीति के चलते राजनीतिक दबदबा रखने वाले किसी भी अल्पसंख्यक नेता को हिंसा भड़काने का आरोपी नहीं बनाया जाता। आजाद मैदान की हिंसा के बाद मुट्ठीभर लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन इसके मास्टरमाइंड लोगों को बचाया जाता रहा इसी का नतीजा है कि सांप्रदायिक विभाजन की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है और शहर का धीरे-धीरे 'ध्रुवीकरण' हो रहा है। मीना मेनन की शोधपरक किताब 'रॉयट्स एंड आफ्टर इन मुंबई' में ऐसी कई घटनाओं का जिक्र है जो बताती हैं कि 1992-93 के दंगों के बाद किस तरह बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ और लोग मिश्रित आबादी वाले इलाकों से निकलकर सुरक्षा की तलाश में दूसरी जगह चले गए। मुंबई में हमेशा से पृथक हिंदू व मुस्लिम इलाके रहे हैं, लेकिन अब इनकी सीमारेखाएं ज्यादा पुख्ता हो गई हैं और ध्रुवीकरण भी कहीं अधिक अपरिहार्य हो गया है। यहां तक कि झुग्गी-बस्तियों में, जहां कभी आर्थिक बंधनों ने धार्मिक वैमनस्य को कमजोर कर दिया था, वहां पर भी अब अदृश्य 'सीमाएं' नजर आने लगी हैं। एक लिहाज से आजाद मैदान की हिंसा महाराष्ट्र की तंद्रा तोड़ने के लिए एक और चेतावनी की घंटी रही है।अब तो देश के हर प्रदेश को चेतने की व संभलने की जरुरत है क्युकि यह आग कुछ प्रदेशों में नहीं देश के हर शहर में फ़ैल रही है।

## शब्द पहेली - 8354



**बाएँ से दाएँ**
1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होना-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल, अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण (उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

**ऊपर से नीचे**
1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2,3
13. विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2

शब्द पहेली -8353 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा7 आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने किसी सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप किसी प्रकार की यात्रा पर जा सकते हैं, जहां आपको व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे और बड़ी डील भी फाइनल हो सकती है, जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी।

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप का मन आज किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। आप मन ही मन फूले नहीं समाएंगे। आध्यात्मिकता से अपने मन को बहुत अधिक शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। आज का दिन विद्यार्थियों के लिए थोड़ा सा उलझनो भरा हो सकता है। आज व्यर्थ के खर्चों के कारण थोड़ी उलझन हो सकती है।

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा, आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का फेर बदल न करें।

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आपको आज समाज में मान सम्मान मिलेगा जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपका मन धार्मिक कार्यक्रमों में लगा रहेगा। आप किसी मंदिर में दान पुण्य का सामान बांट सकते हैं। छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए। आज आपको अचानक कहीं रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

**कन्या राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है । टूर एंड ट्रेवल्स तथा मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा । आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करना पड़ेगा । पति-पत्नी का आपसी व्यवहार पारिवारिक माहौल को भी बेहतरीन बनाएगा । आज अपने मनोबल को मजबूत बनाने के लिए मेडिटेशन का सहारा लेंगे ।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है । व्यापार बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे । छोटा-बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा । आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, आज किसी को दिए पैसे की वापसी भी हो सकती है ।

**वृश्चिक राशि**: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे । यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिन्त हो जाएँ.... ऐसा कुछ नही होने वाला क्योंकि आज का दिन आपके फेवर में है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा । लवमेट के साथ घूमने का प्रोग्राम बनेगा ।

**धनु राशि**: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहना होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान ना दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले एक आवश्यक कार्यों की लिस्ट बनाएं। व्यापार करने वाले लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा, आपके कार्यों में विरोधी बेवजह रूकावट डालने की कोशिश कर सकते है। संतान को आज बड़ी सफलता मिलाने के योग बन रहे है।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपका धन आज किसी शुभ काम में खर्च होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपके परिवार में सभी लोग आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**कुंभ राशि**: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आप किसी कारण परेशान है, तो उसे शांत रखने के लिए आप अपने बच्चों के साथ थोड़ा सा समय बताएं, तो आपका मन अच्छा हो जाएगा। आप अपनी सेहत को लेकर लापरवाही न बरते। यदि आप किसी प्रकार का मकान, दुकान इत्यादि खरीदना चाहते हैं, तो आज का दिन शुभ रहेगा। आपके काम बन सकते हैं। आज अचानक धनलाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मीन राशि**: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। काम क्षेत्र में आपके कामों की सराहना होगी और आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा, लेकिन आपका धन संबंधित मामला आपके लिए उलझन बन सकता है। आप अपनी माताजी से अपने मन की इच्छा को जाहिर कर सकते हैं, जिसे वह पूरी अवश्य करेंगी, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें आज किसी संस्था से जुड़कर विदेश जाने का मौका मिलेगा।

# भारतीय क्रिकेट के लिए मिला-जुला रहा 2024



**मुम्बई**। साल 2024 भारतीय क्रिकेट टीम के लिए मिला-जुला रहा जहां उसे एक दशक से अधिक समय बाद आईसीसी खिताब मिला। वहीं उसे टेस्टमें अपनी घरेलू धरत पर क्लीन स्वीप का भी सामना करना पड़ा। टीम इस साल एक भी वनडे मैच नहीं जीत पायी। हालांकि उसने काफी कम मैच खेले थे। टी20 प्रारुप में उसे अधिकतर मैचों में जीत मिली। भारतीय क्रिकेट टीम को रोहित शर्मा की कप्तानी में अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में हुए टी20 विश्वकप में जीत मिली। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने सभी मैच जीते। भारत ने चार स्पिनरों को टीम में रखा था जिनमें से रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को ही खेलने का मौका मिला। जडेजा को बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपना जलवा दिखाने का खास मौका नहीं मिला लेकिन कुलदीप और अक्षर भारत के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने भी क्रमशः 15 और 17 विकेट लेकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई। बल्लेबाजी में रोहित ने अहम भूमिका निभाई । उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोधी टीमों के आक्रमण को ध्वस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनके सलामी जोड़ीदार कोहली शुरुआती मैचों में खास योगदान नहीं दे पाए लेकिन फाइनल में उन्होंने तब 76 रन की शानदार पारी खेली जबकि टीम खराब शुरुआत के कारण संकट में दिख रही थी। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, के अलावा सूर्यकुमार यादव और कार दुर्घटना के बाद वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने भी भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। रोहित, कोहली और जडेजा ने भारतीय टीम के चैंपियन बनने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। यह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के लिए भी शानदार विदाई थी जिनका कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था। रोहित के संन्यास लेने के बाद पूरी उम्मीद थी की हार्दिक इस छोटे प्रारूप में कप्तानी का दायित्व संभालेंगे पर नये कोच बने गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनवाया। उभरते हुए खिलाड़ियों तिलक वर्मा और संजू सैमसन ने भी अच्छी बल्लेबाजी की जबकि वरुण चक्रवर्ती ने गेंदबाजी में अपना कमाल दिखाया। भारत को हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच के घरेलू श्रृंखला में 0–3 से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारतीय टीम ने अपने आक्रामक तेवर दिखाकर बांग्लादेश को दोनों टेस्ट मैच में पराजित किया था। अगर भारतीय महिला टीम के प्रदर्शन की बात करें तो वह टी20 विश्व कप में शुरुआत में ही बाहर हो गई थी लेकिन उसने हाल में वेस्टइंडीज को घरेलू टी20 श्रृंखला में हराकर इसकी कुछ भरपाई की। यह पिछले पांच वर्षों में पहला अवसर है जब भारतीय टीम ने घरेलू श्रृंखला जीती।

# आईपीएल में इस बार नये नये कप्तानी करते नजर आयेंगे ऋषभ सहित ये खिलाड़ी



**मुम्बई**। इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में इस बार कई टीमों के कप्तान भी उतरे थे जिन्हें उनकी टीमों ने रिटेन नहीं किया था। इन कप्तानों को दूसरी टीमों ने मोटी रकम देकर खरीद लिया था। ऐसे में इस बार करीब पांच 5 टीमों के नए कप्तान होंगे जिसमें दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, जैसी टीमें शामिल हैं।

**ऋषभ पंत–** आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 27 करोड़ रुपए की मोटी रकम खर्च कर अपनी टीम में शामिल किया, वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें ही अब सुपर जाएंट्स की कप्तानी मिलने की संभावना है।

**श्रेयस अय्यर–** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को 2024 में खिताब जिताने वाले श्रेयस को टीम ने रिटेन नहीं किया है। उन्हें 26.75 करोड़ में पंजाब किंग्स ने खरीदा है और उम्मीद है माना जा रहा है कि उन्हें इतनी बड़ी रकम देकर कप्तान बनाने के लिए ही खरीदा गया है।

**केएल राहुल–** दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के पूर्व कप्तान केएल राहुल को मेगा नीलामी में 14 करोड़ रुपए में खरीदा है, ऋषभ के जाने के बाद उनका टीम का नया कप्तान बनना तय है।

**वेंकटेश अय्यर–** वेंकटेश अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स ने मेगा ऑक्शन में 23.75 करोड़ रुपए की मोटी रकम खर्च कर स्क्वॉड में शामिल किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि उन्हें कप्तानी मिल सकती हैं।

# पहली बार एचआईएल टूर्नामेंट खेलने को लेकर उत्साहित हैं अभिषेक




**नई दिल्ली**। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के फारवर्ड अभिषेक नैन का कहना है कि उनका लक्ष्य भारतीय हॉकी के स्वर्ण युग को वापस लाना है। अभिषेक का कहना है कि हमने ओलंपिक में पदक जीतने की प्रक्रिया शुरू कर दी है पर स्वर्ण युग अभी हासिल नहीं हुआ है जिसके लिए हमें अभी और प्रयास करने हैं। वह हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम में भी शामिल थे। अभिषेक हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपये में खरीदा था। वह पहली बार एचआईएल टूर्नामेंट खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'यह अंतरराष्ट्रीय मैचों से अलग अनुभव होगा। एचआईएल भारतीय हॉकी के लिए भी एक बड़ी बात होने जा रही है क्योंकि हमें लीग में बहुत सारे विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने का अवसर मिलेगा। इस प्रकार एचआईएल से राष्ट्रीय टीम को लाभ ही मिलेगा, उसे बेहतर खिलाड़ी मिलेंगे। उन्होंने कहा, 'हमारी एचआईएल टीम में बेल्जियम और जर्मनी के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं। एचआईएल के दौरान उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना और खेल से जुड़ी जानकारी प्राप्त करना बहुत अहम होगा। हम उनसे छोटी-छोटी बातें सीखेंगे। अभिषेक लीग के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी है पर उन्होंने कहा कि वह दबाव लेने की जगह इसका आनंद उठायेंगे। उन्होंने कहा, 'जिम्मेदारी तो होगी लेकिन मैं कोई दबाव नहीं लेना चाहता। मैं अपना खेल खेलूंगा। अगर मैं दबाव लूंगा तो अपना सौ फीसदी नहीं दे पाऊंगा। मैं बस अपने खेल का आनंद उठाने की कोशिश करूंगा। अधिषेक ने कहा कि पढ़ाई से बचने के लिए हॉकी खेलना शुरू किया था लेकिन उन्हें इस फैसले पर कभी पछतावा नहीं हुआ क्योंकि इस खेल ने उन्हें पहचान सहित वह सब कुछ दिया जो वह जिंदगी में पाना चाहते थे।

# बुमराह के सामने फिर बेबस नजर आये ख्वाजा



**मेलबर्न**। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के सामने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा टिक नहीं पा रहे। बुमराह ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में एक बार फिर ख्वाजा को अपना शिकार बनाया है। बुमराह ने पांचवी बार ख्वाजा को आउट किया है। ख्वाजा ने 57 रन बनाये। अब तक इस सीरीज की 7 पारियों में ख्वाजा ने बुमराह की 87 गेंद खेली हैं, जिसमें उन्होंने सिर्फ 24 रन बनाए और 5 बार आउट हुए हैं। इससे पता चलता है कि ख्वाजा इस भारतीय गेंदबाज के सामने किसे असहज हैं। वह बुमराह की गेंदों को अब तक समझ नहीं पाये हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अब तक 3 टेस्ट खेले गये हैं और सीरीज 1-1 की बराबरी पर चल रही है। पर्थ में भारत ने बाजी मारी, एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया ने पिंक बॉल टेस्ट मैत जीता जबकि ब्रिस्बेन में खेला गया मैच ड्रॉ रहा।

# चैम्पियंस ट्रॉफी : फखर ने बताया भारत, पाक सहित ये चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी



**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज फखर जमान ने आगामी टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को लेकर भविष्य वाणी की है। फखर ने कहा है कि इसमें पाकिस्तान, भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका जैसे टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फखर ने बासित अली से कहा कि पाकिस्तान के अलावा भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ऐसी टीमें हैं जो सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसमें पाकिस्तान के साथ ही भारत और बांग्लादेश ए ग्रुप में है जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम बी ग्रुप में इंग्लैंड, न ऑस्ट्रेलिया के साथ हैं। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर औपचारिक घोषणा के साथ ही इसको लेकर संशय भी दूर हो गया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। आठ टीमों के इस आयोजन में 50 ओवर के प्रारूप में 15 मैच शामिल होंगे और यह पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किए जाएंगे। इसमें भारत और पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होगा। रावलपिंडी, लाहौर और कराची पाकिस्तान में टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले तीन स्थान होंगे। प्रत्येक स्थान पर तीन ग्रुप मैच आयोजित होंगे, साथ ही लाहौर दूसरे सेमीफाइनल की भी मेजबानी करेगा। लाहौर 9 मार्च को फाइनल की मेजबानी करेगा, जब तक कि भारत क्वालीफाई नहीं कर लेता, ऐसी स्थिति में फाइनल दुबई में खेला जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में आरक्षित दिन होंगे। इंग्लैंड एकमात्र भाग लेने वाला देश है जिसने इस बहुप्रतीक्षित आयोजन के लिए अपनी टीम की घोषणा की है। ग्रुप ए के शुरुआती मैच में पाकिस्तान 19 फरवरी को कराची में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। अगले दिन दुबई चरण की शुरुआत भारत और बांग्लादेश के बीच होगी।

## व्यापार

# शेयर बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत

**सेंसेक्स 78,500 और निफ्टी 23,851.50 पर**



**मुंबई**। बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी50 किसी प्रमुख घरेलू या अंतरराष्ट्रीय ट्रिगर नहीं होने की वजह से गुरुवार को लगभग सपाट नोट पर कारोबार कर रहे हैं। एशियाई बाजारों से मिलेजुले संकेत और गिफ्ट निफ्टी की सुस्त चाल की बीच घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ खुले। बुधवार को स्टॉक मार्केट क्रिसमस के कारण बंद रहे थे। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 425.5 अंक उछलकर 78,898.37 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 123.85 अंक बढ़कर 23,851.50 पर दिखाई दिया। सेंसेक्स में लिस्टेड 30 कंपनियों में से भारतीय स्टेट बैंक, मारुति, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, नेस्ले और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर नुकसान में कारोबार कर रहे थे। वहीं पिछले ट्रेडिंग सेशन में मंगलवार को बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 सपाट नोट पर बंद हुए थे। दिन के उच्च स्तर 78,877.36 को छूने के बाद सेंसेक्स 67.30 अंक की गिरावट के साथ 78,472.87 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 50 25.80 अंक की गिरावट के साथ 23,727.65 पर बंद हुआ। इस बीच विदेशी निवेशक मंगलवार को लगातार सातवें सत्र में घरेलू इक्विटी के नेट सेलर बने रहे। उन्होंने 28.8 करोड़ डॉलर के इक्विटी शेयर बेचे। इस बीच घरेलू संस्थागत निवेशकों ने लगातार छठे सत्र में भारतीय शेयरों में खरीदारी की और 28.19 अरब रुपये के शेयर खरीदे।

# देश का सबसे मशहूर बिस्कुट पारले-जी में आखिरकार जी का क्या मतलब होता है






**मुंबई**। पारले-जी के नाम से हर देशवासी परिचित है। अगर बात बिस्कुट चलती है, तब फिर सभी की जुबां पर सबसे पहले जो नाम आता है और वहां पारले-जी ही है। इस बिस्कुट का इतिहास आजादी के पहले का है और ये आज भी जोरदार मुनाफा कमा रही है। वित्तीय साल 2024 में इसका मुनाफा बढ़कर डबल 1,606.95 करोड़ रुपये हो गया है। अगर आप भी ये बिस्किट खाते हैं, तब इसके कवर पर लिखे नाम को देखकर कभी न कभी ये सवाल जरूर उठा होगा, कि आखिर पारले-जी में जी का क्या मतलब होता है? हम सबसे पहले बात कर लेते हैं वित्तीय साल 2024 में इसका मुनाफा दोगुना होकर 1,606.95 करोड़ रुपये रहा है, जो कि वित्तीय साल 23 में 743.66 करोड़ रुपये रहा था। इसके बीते वित्त वर्ष में पारले बिस्कुल की ऑपरेशनल इनकम दो फीसदी के इजाफे के साथ बढ़कर 14,349.4 करोड़ रुपये हो गई है।

**समय बदला, लेकिन स्वाद-डिमांड नहीं-** पारले-जी बिस्किट का स्वाद आज भी लोगों की जुबां पर बरकार है। जब भी पारले-जी बिस्किट का जिक्र होता है, तब उम्रदराज लोग भी अपने बचपन में लौट जाते हैं। समय के साथ पारले-जी बिस्किट के साइज में कई बदलाव हुए हैं, लेकिन इसका स्वाद और मार्केट में इसकी डिमांग नहीं बदली और कंपनी के मुनाफे के आंकड़े इसका उदाहरण हैं। गौरतलब है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारतीय और ब्रिटिश दोनों ही सैनिकों का यह सबसे पंसदीदा बिस्कुट हुआ करता था। पारले की शुरुआत देश को आजादी मिलने से पहले साल 1929 में हुई थी। 90 के दशक के बच्चों को अपना वहां दौर भी याद होगा, जब चाय के साथ पारले-जी सबसे ज्यादा फेमस हुआ करता था। रिपोर्ट्स के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि कंपनी ने पारले नाम मुंबई के विले-पार्ले इलाके से लिया है। पारले ने पहली बार 1938 में पारले-ग्लूको नाम से बिस्कुट का प्रोडक्शन शुरू किया था। आजादी से पहले पारले-जी का नाम ग्लूको बिस्किट होता था। लेकिन, आजादी के बाद ग्लूको बिस्किट का प्रोडक्शन बंद कर दिया गया था। देश में उस समय अन्न संकट इसकी बड़ी वजह थी, क्योंकि इस बिस्कुट को बनाने के लिए गेंहू का इस्तेमाल होता था। जब ये बड़ा संकट कम हुआ, तब कंपनी ने इसका प्रोडक्शन फिर शुरू कर दिया, लेकिन तब तक इस सेक्टर में कॉम्पिटीशन काफी बढ़ गया था और तमाम कंपनियों की मार्केट में एंट्री हो चुकी थी। खासकर ब्रिटानिया ने ग्लूकोज-डी बिस्किट से अपनी धमक जमा ली थी। इसके बाद पारले ने ग्लूको बिस्किट को फिर लांच किया, लेकिन इस नए नाम पारले ग्लूको के साथ, फिर 1980 के बाद पारले ग्लूको बिस्किट के नाम को शॉर्ट कर पारले-जी किया गया था। हालांकि, साल 2000 में जी का मतलब जिनियस प्रमोट जरूर किया गया था। लेकिन, असल मायने में पारले जी में दिए जी का मतलब ग्लूकोज से ही था।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 वक्फ बिल पर JPC की मीटिंग पूरी,कर्नाटक के प्रधान सचिव और राजस्व सचिव से हुई बातचीत
2 BJP चुनाव आयोग जैसी सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करना चाहती है:सीडब्ल्यूसी में बोले खड़गे
3 जीतन राम मांझी की पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार उतारेगी
4 प्रवेश वर्मा के खिलाफ शिकायत देने ED दफ्तर पहुंचे संजय सिंह,चुनाव से पहले पैसे बांटने का आरोप
5 प्रवेश वर्मा के खिलाफ शिकायत देने ED दफ्तर पहुंचे संजय सिंह
6 बीजेपी को "जय सियाराम,जय सीताराम" नारे से हमेशा नफरत रहीः लालू यादव
7 हरियाणाःयमुना नगर में फायरिंग,दो लोगों की मौत
8 RBI ने AI फ्रेमवर्क का मसौदा तैयार करने के लिए आठ सदस्यीय समिति गठित की
9 उत्तराखंडःभीमताल बस हादसे पर CM धामी का बड़ा एक्शन,निलंबित की गईं रोडवेज रीजनल मैनेजर
10 बीजेपी नेता प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिरसा के खिलाफ ED में शिकायत दर्ज कराएगी AAP
11 दिल्ली पुलिस ने तीन जिलों के DCP और चार एडिशनल DCP का किया ट्रांसफर
12 24 घंटे में अजय माकन पर एक्शन ले कांग्रेस,केजरीवाल को एंटी नेशनलिस्ट कहने पर बोले संजय सिंह
13 मेलबर्न टेस्टः ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के साथ विवाद के आरोप में कोहली पर लगा जुर्माना
14 खेल और फिटनेस क्षेत्र से जुड़े रोहित दलाल और अक्षय दिलावरी AAP में हुए शामिल
15 दिल्लीःअरविंद केजरीवाल के खिलाफ बीजेपी महिला मोर्चा का प्रोटेस्ट
16 कांग्रेस को इंडिया ब्लॉक से बाहर करने के लिए अन्य दलों से बात करेगी आम आदमी पार्टी
17 मेलबर्न टेस्टः ऑस्ट्रेलिया के लगातार दो विकेट गिरे,बुमराह ने हेड को शून्य पर किया आउट
18 सरकार को छात्रों की मांग पर विचार करना चाहिए,BPSC अभ्यर्थियों के प्रोटेस्ट पर बोले सांसद मनोज झा
19 मेलबर्न टेस्टःमजबूत स्थिति में पहुंचा ऑस्ट्रेलिया,2 विकेट के नुकसान पर बनाए 230 रन
20 कर्नाटकःबेलगावी में कांग्रेस की 'नव सत्याग्रह मीटिंग,CM सिद्धारमैया भी पहुंचे
21 गाजा के अल-अवदा अस्पताल पर इजरायल का एयर स्ट्राइक,5 पत्रकारों की मौत
22 घने कोहरे से प्रभावित हुई रेलवे सर्विस,कई शहरों से दिल्ली आने वाली 18 ट्रेनें लेट
23 जापान एयरलाइंस पर हुआ साइबर अटैक, प्रभावित हो सकती हैं फ्लाइट्स
24 दिल्ली के कुछ इलाकों में कोहरे की चादर,7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान
25 दिल्लीःआज दोपहर 12 बजे भारत मंडपम में वीर बाल दिवस में भाग लिए PM मोदी
26 यूक्रेनी लोगों को शांति और सुरक्षा में रहने का हक,बाइडेन ने यूक्रेन पर रूसी मिसाइल हमलों की निंदा की
27 कजाकिस्तान में विमान दुर्घटना में 29 लोग बचाए गए
28 पुणेःप्रो कबड्डी लीग सीजन 11 के प्लेऑफ और फ़ाइनल आज से आयोजित किए जाएंगे
29 आज आ सकते हैं CA फाइनल नवंबर 2024 के रिजल्ट
30 अजरबैजान प्लेन क्रैश में 38 की मौत, कजाकिस्तान के अधिकारियों का दावा
31 नवी मुंबईःनिर्माणाधीन सोसायटी में लगी आग, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर मौजूद
32 पीएम मोदी सुपोषित पंचायत अभियान का किए शुभारंभ,भारत मंडपम में वीर बालकों से भी किए मुलाकात
33 स्पीकर ओम बिरला बोलेःनए सांसदों को अटलजी के आचरण और व्यवहार से सीखने की जरूरत
34 कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस का दो दिवसीय महाधिवेशन,पार्टी 'नव सत्याग्रह' शुरू करेगी;100 साल पहले यहीं अधिवेशन में महात्मा गांधी अध्यक्ष चुने गए थे
35 महात्मा गांधी और आंबेडकर का महत्व नहीं जानती भाजपा,कर्नाटक में 27 को कांग्रेस की 'महा' रैली
36 अंबेडकर विवाद पर अमित शाह को मिला NDA का साथ! कांग्रेस को एक्सपोज करने की बनाई रणनीति
37 चुनावी प्रक्रिया को बगैर समझे मतदान प्रतिशत पर संदेह जताना गलत,विपक्ष के सवालों का चुनाव आयोग ने दिया जवाब
38 अरुणीश चावला रेवेन्यू सेक्रेटरी बनाए गए,बजट से 5 हफ्ते पहले सरकार ने किया प्रशासनिक फेरबदल, बजट टीम पूरी हुई
39 संसद के सामने खुद को आग लगाने वाला 95% झुलसा,UP के बागपत का रहने वाला;पुलिस को मौके से 2 पेज का अधजला नोट मिला
40 ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता मलयालम लेखक एमटी वासुदेव नायर का निधन,कोझिकोड में होगा अंतिम संस्कार;केरल में 2 दिन का राजकीय शोक



## मुफासाः द लायन किंग

# 50 करोड़ के करीब, साउथ सुपरस्टार उपेंद्र की यूआई ने पहले वीकेंड की इतनी कमाई

शाहरुख खान डबिंग फिल्म मुफासा: द लायन किंग और उपेंद्र की निर्देशित फिल्म यूआई मूवी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 3 दिन हो चुके हैं. दोनों फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 का सामना करना पड़ रहा है. इस टकराव के बाद भी मुफासा भारत में अच्छा परफॉर्म कर रही है. उम्मीद है कि यह जल्द ही 50 करोड़ रुपये के आंकड़ा को छू लेगी. वहीं, यूआई मूवी बॉक्स ऑफिस सिंगल डिजिट में कमाई की हैं. सैकनिल्क के रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान की डबिंग फिल्म मुफासा ने ओपनिंग डे पर जहां सिंगल डिजिट में बिजनेस किया, वहीं, शनिवार और रविवार को इसने डबल डिजिट में कलेक्शन किया है. पहले दिन फिल्म ने 8.8 करोड़ रुपये कमाए, जबकि शनिवार और रविवार को क्रमश: 13.7 करोड़ और 19.16 करोड़ रुपये कमाए हैं. तीन दिनों में मुफासा: द लायन किंग ने 41.66 करोड़ रुपये कमाए हैं. मुफासा की ये कमाई 2019 की द लॉयन किंग रीमेक से काफी कम है. द लॉयन किंग रीमेक ने अपने शुरुआती वीकेंड में 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था. सैकनिल्क के अनुसार, उपेंद्र की फिल्म ने भारत से मात्र 3 दिनों में 18.30 करोड़ रुपये की कमाई की. शुरुआती अनुमान के अनुसार, तीसरे दिन फिल्म ने 5.79 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. पहले दिन इसने 6.95 करोड़ रुपये कमाए. जबिक, दूसरे दिन फिल्म के कलेक्शन में 19.42 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. शनिवार को फिल्म 5.6 करोड़ रुपये कमाए. वहीं, 3.39 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ फिल्म ने 5.79 करोड़ रुपये कमाए. इस फिल्म का निर्देशन उपेन्द्र ने किया है. जबकि लहरी फिल्म्स और वीनस एंटरटेनर ने इसे प्रोड्यूस किया है. साइंस फिक्शन फिल्म यूआई में उपेंद्र, रेशमा नानाय्या, सनी लियोन, साधु कोकिला और मुरली शर्मा प्रमुख भूमिकाओं में हैं. आने वाले दिनों में मुफासा: द लायन किंग और यूआई को पुष्पा 2 के अलावा सिनेमाघरों में बेबी जॉन का सामना करना होगाय. एटली की निर्मित यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है.

# शॉर्ट ड्रेस पहन जाह्नवी कपूर ने बिखेरा हुस्न का जलवा

## एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स ने लूटाया प्यार







बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आए दिन अपनी ग्लैमरस और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका बोल्ड अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद ही सिजलिंग फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। बी-टाउन की खूबसूरत अभिनेत्री जाह्नवी कपूर हमेशा अपनी ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में भी लोग लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने पिंक कलर की बेहद ही बोल्ड ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने पिंक कलर की बेहद ही बोल्ड ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक लाखों यूजर्स ने लाइक कर दिया है। वहीं, कुछ यूजर्स कॉमेंट्स और रिएक्शंस के जरिए दिलखोलकर अपना प्यार लूटा रहे हैं। एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो हॉट। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- बोल्ड एंड ब्यूटिफुल। तीसरे यूजर ने लिखा है- सो ब्यूटिफुल। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।



# गौहर खान ने शो लवली लोला को बताया कमाल, टीम के साथ की खूब मस्ती

मनोरंजन जगत की खूबसूरत अभिनेत्री गौहर खान अपने आगामी शो 'लवली लोला की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। शो के प्रमोशन में जुटी अभिनेत्री सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक पोस्ट साझा कर रही हैं। गोहर ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह टीम के साथ खूब मस्ती करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर अक्सर मजेदार पोस्ट साझा करने वाली अभिनेत्री गौहर खान ने इंस्टाग्राम पर एक और मजेदार पोस्ट को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, लोला के साड़ी और लवली लोला का क्रू, दोनों ही कमाल। यूट्यूब पेज पर जल्दी आ रही है। 25 दिसंबर से, जल्दी करो आप। वीडियो में गौहर खान, क्रेटेक्स, क्रुणाल घोरपड़े के मराठी गाने 'तांबडी चामडी पर अपनी टीम के साथ थिरकती नजर आईं। इस गाने को क्रेटेक्स-क्रुणाल ने कंपोज और प्रोड्यूस किया है, जबकि इसके बोल श्रेयस सागवेकर ने लिखे और गाए हैं। बिग बॉस विजेता गौहर खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री जल्द ही 'लवली लोला में नजर आने वाली हैं। इस शो में गौहर के साथ इशा मालवीय लीड रोल में हैं। गौहर इस शो में 21 साल की मां के किरदार में नजर आएंगी। कॉमेडी से भरपूर इस शो में मां-बेटी के बीच खटपट होती दिखाई देगी। शो का निर्माण रवि दुबे और शरगुन मेहता ने किया है। शो का प्रोमो हाल ही में रिलीज हुआ है। शो यूट्यूब चैनल ड्रीमियता ड्रामा पर स्ट्रीम होगा। लवली लोला शो का पहला एपिसोड 25 दिसंबर को स्ट्रीम होगा। बता दें कि गौहर खान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर ट्रेंडिंग रील बनाती रहती हैं। अभिनेत्री का इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी मजेदार पोस्ट से भरा पड़ा है। हाल ही में गौहर खान ने एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह नीति मोहन-साद लैमजारेड के गाने होमा डोल पर थिरकती नजर आई थीं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर डांस का वीडियो साझा कर कैप्शन में लिखा था, मुझे साद लैमजारेड और नीति मोहन का नया गाना बहुत पसंद आया था। ट्रेंडिंग रिल्स, होमा डोल। 'होमा डोल से पहले गौहर कीर्ति सुरेश और वरुण धवन स्टारर 'बेबी जॉन के गाने 'नैन मटक्का पर अभिनेता करण ग्रोवर के साथ थिरकती नजर आई थीं।




# चुनिंदा रोल्स ही करना चाहती हैं रिद्धि डोगरा

## बोलीं- काम ऐसा करो कि लोग हमेशा याद रखें; 'द साबरमती रिपोर्ट' में नजर आई थीं एक्ट्रेस





रिद्धि डोगरा ने हाल ही में अपने फिल्मों के सलेक्शन के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह अपनी जिंदगी में कुछ चुनिंदा रोल्स ही करना चाहती हैं, ताकि जब वह किरदार खत्म हो, तो लोग उसे हमेशा याद रखें। स्क्रीन के साथ बातचीत में रिद्धि डोगरा ने कहा, 'मेरी सबसे पहली सोच यह है कि मैं ऐसे रोल्स करना चाहती हूं जो असरदार हों। मैं ऐसा किरदार निभाना चाहती हूं, जिसे अगर कहानी से निकाल दिया जाए, तो लोग उसे मिस करें। यही मेरी शुरुआत से सोच रही है। फिल्म में चाहे जितने भी लोग हों, इससे फर्क नहीं पड़ता। आप हमेशा हीरोइन का किरदार नहीं निभा सकते।' रिधि डोगरा की मानें तो उन्होंने हमेशा टीवी पर मुख्य भूमिका निभाई है और टीवी पर उन्हें बहुत प्यार मिला है, क्योंकि उन्होंने हमेशा हीरोइन का किरदार निभाया है। अब वह अपने काम का दायरा बढ़ाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि भले ही लीड रोल में सबका ध्यान आपकी तरफ होता है, लेकिन वह चुनिंदा रोल इसलिए करना चाहती हैं ताकि उन्हें अलग-अलग किरदार निभाने का मौका मिल सके। रिधि डोगरा ने आगे कहा, 'मैं नहीं चाहती कि मुझे एक ही तरह के किरदार में फंसा दिया जाए, क्योंकि अगर आप एक बार किसी किरदार में फेमस हो गए, तो आसानी से वैसा ही रोल मिल जाता है। लेकिन मैं खुद को इस बंधन से आज़ाद करना चाहती हूं। मैं जो भी करती हूं, उस पर ध्यान देती हूं और इसमें मुझे कुछ अच्छे और कुछ गलत फैसले लेने पड़ते हैं। मेरे पास यह नहीं है कि कोई मुझे बताए कि क्या करना चाहिए। इस इंडस्ट्री में काम करने का कोई एक तरीका नहीं है।'

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।